रोहतक
शनिवार 17 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 254
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 31.8°C
न्यून. 15.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 आर्यवीर का विस्फोटक शतक चौके-छक्के लगाकर बनाए 124 रन

खबर संक्षेप

यूपीएससी ने भर्ती परीक्षा की तारीख बढ़ाई

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल और



वाइस प्रिंसिपल के पदों पर भर्ती को लेकर नया नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि संयुक्त भर्ती परीक्षा अब 1 नवंबर के बजाय 9 जनवरी 2027 को आयोजित होगी। प्रिंसिपल के 124 और वाइस प्रिंसिपल के 704 पदों को भरा जाना है। *एजेंसी*

सीने में संक्रमण, अस्पताल में भर्ती हुए आडवाणी

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर शाम सीने में इंफेक्शन के चलते दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनके फेफड़ों में इंफेक्शन है और उन्हें सांस में दिक्कत हो रही है। 98 वर्षीय नेता कुछ दिन पहले भी अस्पताल में भर्ती हुए थे। अब उन्हें पल्मोनरी डिपार्टमेंट में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीएम मोदी ने सरकार प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे होने पर 7 अक्टूबर को आडवाणी से उनके आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी और उनका आशीर्वाद लिया था।

दीपके-नेहा बोरा हिरासत में 150 प्रदर्शनकारी भी पकड़े

सीजेपी के तिरंगा मार्च पर पुलिस सख्त, कनॉट प्लेस खाली कराया

नई दिल्ली (भाषा)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने जाते समय एहतियातन हिरासत में ले लिया। दीपके को झंडेवालान स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया, वहीं बोरा को मंडी हाउस से हिरासत में लिया गया। इन हिरासतों के दौरान भीड़, कैमरा कर्मियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की के दृश्य देखने को मिले। हिरासत में लेने के बाद दीपके को जाफरपुर कलां थाने ले जाया गया। इसके अलावा प्रदर्शन में भाग लेने आए 150 प्रदर्शनकारियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कनॉट प्लेस को खाली करवा लिया। इससे पहले दिन में, दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक पुलिसकर्मी झंडेवालान स्थित दीपके के आवास पर पहुंचे और उन्हें एक नोटिस थमाया, जिसमें उनसे ऐसा कोई भी कदम उठाने से बचने का निर्देश दिया गया जिससे नागरिकों, व्यापारियों, यात्रियों, मरीजों और अन्य लोगों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हिरासत की कार्रवाई शुक्रवार शाम को प्रदर्शन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच हुई हैं।



मैंने कौन सा कानून तोड़ा है : अभिजीत

पुलिस से बातचीत के दौरान दीपके से कहा गया कि वह नई दिल्ली नहीं जा सकते और उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है। इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि उन्होंने कौन सा कानून तोड़ा है। अभिजीत दीपके जहां ठहरे हुए थे, पुलिस वहां पहुंची थीं। दीपके और पुलिस की बहस भी हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीपके ने कहा था कि आप अपनी मर्जी से जो मन में आ रहा है, वही लिख रहे हैं। यह बेतुका है। फांसी पर चढ़ा दो ना। क्या मजाक है ये?

लोकतांत्रिक ताकत से डरी सरकार

कॉकरोच जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि अभिजीत दीपके को केवल इसलिए हिरासत में लिया गया क्योंकि वह राष्ट्रीय ध्वज लेकर निर्धारित स्थान की ओर जा रहे थे। कॉकरोच जनता पार्टी के अनुसार, यह कार्रवाई दिखाती है कि प्रशासन को किसी अव्यवस्था से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के हाथों में तिरंगे की शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ताकत से डर है। वहीं, नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, जिले में धारा 163 लागू है। इसलिए, हम सभी से कानून का पालन करने की अपील करते हैं।

व्यापारियों का नुकसान हुआ तो देना होगा मुआवजा



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में त्योहारों के दौरान दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शन के चलते छोटे व्यवसायों को हो रही परेशानियों पर चिंता जताते हुए कहा है कि अगर इस वजह से व्यापारियों या दिहाड़ी मजदूरों के रोजगार पर असर पड़ेगा को कोर्ट उन्हें मुआवजा दिलाएगा। इसके लिए कोर्ट अपने संवैधानिक टॉर्ट अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करेगी। अदालत ने उम्मीद जताई है कि समझदारी से काम लिया जाएगा और प्रदर्शनकारियों, व्यापारियों और प्रशासन के हितों के बीच संतुलन बना रहेगा।

कहा-किसी के लिए प्रदर्शन जरूरी, किसी के लिए मूंगफली बेचना

सुप्रीम कोर्ट ने व्यापारियों की याचिका पर तत्काल आदेश देने से इनकार कर दिया। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने प्रदर्शन से जुड़ी अन्य याचिकाओं का जिक्र करते हुए कहा, "कोई प्रदर्शन करना चाहता है, कोई मूंगफली बेचना चाहता है, कोई कानून-व्यवस्था चाहता है, ये सभी बातें आपस में जुड़ी हैं।

परिसीमन पर संसद का स्पेशल सेशन बुला सकती है सरकार

महिला आरक्षण से जुड़ा बिल भी किया जा सकता है पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार इसी महीने संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। इसमें लोकसभा सीटें बढ़ाने के लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल को पास कराया जाएगा। इनके जरिए महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। 6 महीने (16 और 17 अप्रैल) पहले सरकार पहले प्रयास में कामयाब नहीं रही थी और लोकसभा में दो तिहाई बहुमत जुटा नहीं पाई थी। अब कहा जा रहा है कि सरकार ने संख्याबल जुटा लिया है। विशेष सत्र बुलाने से करीब एक हफ्ते पहले इसकी सूचना दी जा सकती है। संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को खत्म हुआ था, लेकिन इसका अब तक सत्रावसान नहीं किया गया है।

एनडीए के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं पहले प्रयास में नहीं मिली थी कामयाबी

विशेष सत्र बुलाने से एक हफ्ते पहले देनी होगी जानकारी

लोकसभा में 20 व राज्यसभा में 9 सांसदों की जरूरत

लोकसभा में 543 सांसद हैं। 3 सीटें खाली हैं। इनमें से एनडीए के 318 सांसद हैं। बिल को पास कराने के लिए दो-तिहाई यानी 360 वोट चाहिए। अगर डीएमके के 22 सांसद बिल का समर्थन करते हैं तो बिल के समर्थन में 340 सांसद हो जाएंगे। यानी इसके बाद भी भाजपा को लगभग 20 सांसदों की जरूरत है। राज्यसभा में 245 सीटें हैं। 3 खाली हैं। इस तरह 240 में से एनडीए के 153 सांसद हैं। यहां बिल को पास कराने के लिए 162 सांसद चाहिए। यानी, यहां भी एनडीए को छोटी पार्टियों के 9 सांसदों की जरूरत पड़ेगी।

हम प्रतिस्पर्धा से कभी नहीं डरे स्टारलिंक का स्वागत : रिलायंस

मुंबई (एजेंसी)। सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' की भारत में एंट्री को लेकर चल रहे विवाद के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रतिस्पर्धा से नहीं डरते। कंपनी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि असली मुकाबला वही है, जिससे यह पता चले कि सबसे अच्छी सर्विस कौन दे रहा है। कंपनी ने यह बयान इलॉन मस्क की ओर से लगाए गए उन आरोपों के बाद जारी किया, जिनमें उन्होंने भारतीय टेलिकॉम कंपनियों पर स्टारलिंक का रास्ता रोकने का दावा किया था। इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदार बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।

मस्क का आरोप था- मुकेश अंबानी ने भारत में कंपनी की एंट्री रुकवाई

भ्रामक दावों पर बिगबास्केट फ्लिपकार्ट, जेमिनी को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने भ्रामक स्वास्थ्य दावों के लिए बड़ी कार्रवाई की है। उसने हैदराबाद स्थित जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड, बिगबास्केट और फ्लिपकार्ट को नोटिस जारी किए हैं। यह नोटिस राइस ब्रान तेल की बिक्री से जुड़े गलत विज्ञापनों को लेकर दिए गए हैं। नोटिस 'फ्रीडम कुकिंग राइस ब्रान ऑयल' उत्पाद के भ्रामक दावों के संबंध में जारी हुए हैं। उत्पाद का प्रचार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर किया जा रहा था। दावों में 'खराब कोलेस्ट्रॉल कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बनाए रखता/बढ़ाता है' शामिल था। साथ ही, '10,000+ पीपीएम नेचुरल ओरिजानोल' का दावा किया गया था। नियामक ने पाया कि कोलेस्ट्रॉल और हृदय-स्वास्थ्य संबंधी दावे विज्ञापन और दावा विनियम, 2018 के तहत अनुमत नहीं थे।

चीजों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर सख्त एफएसएसएआई

कैथल में सड़क हादसा, पेड़ से टकराई कार

पूर्व विधायक भगतराम के 2 पड़पोतों सहित तीन की मौत

कैथल (हरिभूमि न्यूज)। करनाल रोड पर गांव नरड के निकट शुक्रवार को कार के पेड़ से टकराने के कारण हुए हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मरने वालों में कलायत से पूर्व विधायक स्वर्गीय भगतराम के 2 पड़पोते रक्षत (27), अभिषेक (29) और पड़ोस में रहने वाले कृष्ण (38) शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों आई-20 कार से करनाल पैसे लेने गए थे। कैथल लौटते समय नरड़ गांव के पास गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसा इतना भीषण था कि आई-20 कार री तरह चकनाचूर हो गई। पूर्व विधायक स्व. भगतराम को भगतू राम के नाम से भी जाना जाता था। वे 1968 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की टिकट पर पहली बार कलायत से विधायक चुने गए थे। 1972 में कांग्रेस (संगठन) के टिकट पर दूसरी बार विधानसभा पहुंचे थे।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार और तीनों मृतक।







पति की हत्या कर सांप से डसवाने वाली रविता और प्रेमी को सजा-ए-मौत

मेरठ (एजेंसी)। पति की हत्या करके सांप से डसवाने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को वारदात के 547 दिन बाद शुक्रवार को मेरठ जिला कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। सजा सुनाने से पहले कोर्ट ने रविता और अमरदीप का पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुना। जज ने दोनों से पूछा- तुम दोनों को हत्या का दोषी ठहराया गया है। क्या सजा चाहते हो? रविता ने कहा-मेरे 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका ख्याल रखा जाए। फिर वह चुप हो गई। इसके बाद अमरदीप ने कहा-मेरे मां-बाप बूढ़े हैं। उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं है। उनकी देखभाल में कोई कमी न रहे। इसके बाद दोनों फूट-फूट कर रोने लगे। एडीजे-12 जयवीर सिंह नागर ने नीला ड्रम हत्याकांड का नाम लिए बगैर कहा- 'केवल काट डालना ही जघन्य अपराध नहीं है। जज ने फैसले में सती सावित्री का जिक्र किया। कहा- 'पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी करवाचौथ का व्रत करती है, लेकिन यहां प्रेमी के साथ ये कृत्य किया जो माफी लायक नहीं है।' जज ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर माना और पेन तोड़कर फेंक दिया। मेरठ कोर्ट ने पिछले 3 दिन में 4 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। इससे पहले 14 अक्टूबर को नीले ड्रम वाली मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को फांसी की सजा सुनाई गई थी।



दोनों ने दया की गुहार लगाई, कोर्ट ने रेयरेस्ट ऑफ रेयर माना मामला

40 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित महिला शिक्षिका को अब मिलेंगे 10 अतिरिक्त अंक

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में 40 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित महिला शिक्षिकाओं को अब तबादले में 10 अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलेगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में शिक्षक तबादला नीति-2026 को चुनौती दिए जाने के बाद राज्य सरकार ने यह राहत देने का निर्णय लिया है। सरकार ने अदालत को बताया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित महिला शिक्षिकाओं को विधवा, तलाकशुदा और कानूनी रूप से अलग रह रही महिला शिक्षिकाओं की तरह यह लाभ दिया जाएगा। इसके लिए तबादला नीति में संशोधन किया जाएगा, ताकि पात्र शिक्षिकाओं को इसकी जानकारी मिल सके और वे लाभ के लिए दावा कर सकें। हरियाणा की पीजीटी शिक्षिका सूर्या मौदगिल सहित अन्य शिक्षकों ने अधिवक्ता सरदविंदर गोयल के माध्यम से शिक्षक तबादला नीति-2026 को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित महिलाएं भी सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण विशेष चुनौतियों का सामना कर सकती हैं। ऐसे में उन्हें तबादले में अतिरिक्त अंकों के लाभ से बाहर रखना उचित नहीं है।

तबादला नीति
राज्य सरकार ने नियमों में किया बदलाव



अद्भुत केवल 0.81 सेकेंड में 97 किमी की रफ्तार पकड़ेगी

हवा में उड़ी टेस्ला की कार, गोल-गोल घूमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने शुक्रवार को उड़ने वाली कार दिखाई। डेमो के दौरान, रोडस्टर सेकेंड जनरेशन कार एक बड़े घुमावदार रैंप पर ऊपर की ओर बढ़ी और उल्टी हो गई। इसके बाद ये रैंप से हवा में उड़ी, हवा में ही पलटी और जमीन पर सुरक्षित लैंड कर गई। इस कार में रॉकेट में इस्तेमाल होने वाले थ्रस्टर्स लगे हैं। इनकी मदद से ये कार उल्टी होकर चल सकती है और हवा में घूम भी सकती है। ये कार केवल 0.81 सेकेंड में 97 किमी प्रति घंटे की रफ्तार भी पकड़ सकती है। कार का प्रोडक्शन 2028 में शुरू होगा।



मस्क बोले-यह स्पेसएक्स के इंजीनियर्स का कमाल

हवा में कंट्रोल के लिए थ्रस्टर्स लगे

सफल लैंडिंग के बाद मस्क ने कहा- चलिए, यह काम कर गया। मस्क ने इस कार को टेस्ला और स्पेसएक्स के इंजीनियरों के साथ मिलकर किए गए काम का नतीजा बताया। मस्क ने बताया कि कार खुद को ऊपर उठाने के लिए एक एडवांस्ड अल्ट्रा-हाई प्रेशर एयर टैंक का इस्तेमाल करती है। कार में हवा में कंट्रोल के लिए एल्टीट्यूड थ्रस्टर्स और पीछे की तरफ मेन थ्रस्टर्स हैं। यह बिल्कुल रॉकेट की तरह उड़ सकती है और हवा में कलाबाजियां खा सकती है।

रफ्तार पकड़ने में दुनिया में सबसे आगे होगी रोडस्टर

पिकअप: 0 से 60 मील यानी, 97 किमी/घंटे की रफ्तार पकड़ने के मामले में इस कार ने डेमो के दौरान महज 0.81 सेकंड का समय दर्ज किया है। अगर 2028 में यह कार इसी क्षमता के साथ बाजार में उतरती है, तो यह दुनिया की सबसे तेज पिकअप वाली कार बन जाएगी। फिलहाल यह रिकॉर्ड क्रोएशियाई इलेक्ट्रिक हाइपरकार रिमैक नेवेरा आर के नाम है। इसने 1.66 सेकेंड में 0-60 मील प्रति घंटा का आंकड़ा दर्ज किया है।
टॉप स्पीड: इस मामले में फिलहाल यह दुनिया की सबसे तेज कार नहीं है। टेस्ला का दावा 230 मील प्रति घंटे यानी करीब 370 किमी/घंटे से अधिक रफ्तार का है।

खबर संक्षेप



डॉ. सुधा को राज्यपाल बनने पर दी बधाई

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने शुक्रवार को बेंगलुरु स्थित लोक भवन में डॉ. सुधा यादव के कर्नाटक के राज्यपाल पद के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त राज्यपाल डॉ. सुधा यादव से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नए संवैधानिक दायित्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, जन्मदिन के अवसर पर उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

धान खराब होने से किसानों को नुकसान


चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने किसानों की दुर्गति के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद सरकार ने धान और बाजरे की खरीद में कोई तेजी नहीं दिखाई और न ही खरीदी गई फसल को मंडियों से समय पर उठाया गया। इसी वजह से दो दिन की बारिश में किसानों की कई महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई। प्रदेश भर की मंडियों में लाखों मीट्रिक टन धान पानी में डूब गया, जिससे किसानों और आढ़तियों को भारी नुकसान हुआ है।

प्रदेश सरकार और स्वीडिश कंपनियों के बीच लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर

हरियाणा में 4000 करोड़ का निवेश करेंगी स्वीडन की कंपनियां: नायब

गुरुग्राम और स्टाकहोम के बीच सिटी-टू-सिटी सहयोग समझौता हुआ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



स्वीडन की कंपनियां हरियाणा में 4000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इसके लिए प्रदेश सरकार और स्वीडिश कंपनियों के बीच लेटर आफ इंटेंट (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विदेश दौरे के तीसरे दिन हुए इन समझौतों से राज्य में निवेश, आर्थिक सहयोग और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की मौजूदगी में गुरुग्राम और स्टाकहोम के बीच सिटी-टू-सिटी सहयोग समझौता हुआ। इसके तहत दोनों शहर तकनीकी नवाचार, स्मार्ट सिटी समाधान, सतत शहरी विकास, ज्ञान के आदान-प्रदान और निवेश प्रोत्साहन के क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इस साझेदारी से दोनों शहरों के बीच दीर्घकालिक सहयोग को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये दौरा हरियाणा को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्वीडन की उन्नत तकनीक, नवाचार और सतत विकास माडल को हरियाणा की गतिशील अर्थव्यवस्था और युवा शक्ति से जोड़कर राज्य को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

एरिक्सन और ट्रूकॉलर के हेडक्वार्टर का दौरा किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वीडन के स्टॉकहोम स्थित विश्व प्रसिद्ध दूरसंचार कंपनी एरिक्सन और कॉल आइडेंटिफिकेशन कंपनी ट्रूकॉलर के हेडक्वॉर्टर का दौरा किया। इस महत्वपूर्ण भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी उनके साथ मौजूद रहे। एरिक्सन हेडक्वॉर्टर में मुख्यमंत्री ने संचार क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों की विस्तृत जानकारी ली। विशेष रूप से दुर्लभ एवं दुर्गम स्थानों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए विकसित की जा रही रोबोटिक्स तकनीक की कार्यप्रणाली का उन्होंने प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

रिटेल और वेयरहाउसिंग में निवेश करेंगे उद्योगपति

सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार ने 3000 करोड़ रुपये का एलओआई किया। इसके अलावा रिटेल और वेयरहाउसिंग क्षेत्रों में 1000 करोड़ रुपये के एलओआई पर सहमति बनी। इन प्रस्तावों से आधुनिक वेयरहाउसिंग ढांचे, रिटेल श्रृंखलाओं के विस्तार और लाजिस्टिक्स क्षेत्र में नए निवेश की उम्मीद है। इस दौरान हरियाणा और स्वीडन के बीच व्यापार तथा आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी। स्वीडिश कंपनियों ने राज्य के कुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास, प्रशिक्षण और रोजगार के नए रास्ते मिलने की संभावना है। ये समझौते रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास, निर्यात वृद्धि और शहरी आधुनिकीकरण को गति देंगे।

स्वीडिश सिख समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया हाउस में मुख्यमंत्री से की भेंट

चंडीगढ़। स्वीडन में बसे सिख समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया हाउस में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मुख्यमंत्री से मिलकर बेहद खुश नजर आए। दोनों पक्षों के बीच कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा में हरियाणा में निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पंजाब के युवाओं को सशक्त बनाने पर विशेष फोकस रहा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि हरियाणा निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पंजाब के युवाओं को मजबूत बनाने के



प्रयासों पर भी चर्चा की। प्रतिनिधियों ने जोर देते हुए कहा कि पंजाब से नशे की समस्या को जड़ से खत्म करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने विकास और रोजगार की दिशा में मिलकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

सरकार ने विभागों से नियमित किए गए कर्मचारियों की जानकारी मांगी

- मुख्य सचिव ने 15 दिन में जानकारी भेजने के निर्देश दिए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीतियों तथा अन्य समान नीतियों के तहत नियमित किए गए कर्मचारियों का विवरण जुटाने के लिए सभी संबंधित विभागों, कार्यालयों और संगठनों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी इन निर्देशों के अनुसार, 16 जून, 18 जून और 7 जुलाई, 2014 को जारी नियमितीकरण नीतियों तथा समय-समय पर इनमें किए गए संशोधनों और अन्य समान नीतियों के अंतर्गत नियमित किए गए ग्रुप-बी, सी और डी के कर्मचारियों की संख्या से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करवानी होगी। संबंधित विभागों, कार्यालयों और संगठनों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर ई-मेल के माध्यम से संबंधित कार्यालय को भेजें, ताकि मानव सूचना संसाधन विभाग द्वारा आंकड़ों का संकलन और आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5831

हमकि (1) धर्मेन्द्र पुत्र रामानन्द, निवासी मकान न0 44, चन्दू पोस्ट बुढेड़ा, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 व (2) मीनाक्षी शर्मा पत्नी नरेश कुमार पुत्र राजकुमार शर्मा, निवासी फलैट न0 बी–2/302, तुलिप एस, पटौदी रोड़, सैक्टर–89, हायातपुर, गुरूग्राम, हरियाणा–122505 एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 10842, 10936, 11527, 11641 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 1467 मिन/1231, खाता न0 1522 मिन, मु0 न0 295, किला न0 6/2(7–0), 14(7–7), किते 2, तादादी रकबा 14 कनाल 7 मरले सालम भाग (जिसमें धर्मेन्द्र मालिक व काबिज है) व खेवट न0 1798/1534 मिन, खाता न0 1858, मु0 न0 295, किला न0 5/2/2(2–1), 7(8–0) किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 1 मरला का 160/201 भाग, बकदर 8 कनाल 0 मरला (जिसमें मीनाक्षी शर्मा मालिक व काबिज है), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 22 कनाल 7 मरले (2.79375 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर को बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 295, किला न0 6/2(7–0), 7(8–0), 14(7–7), किते 3, तादादी रकबा 22 कनाल 7 मरले (2.79375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 16.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14, गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

झींगा पालकों को मिलेगी 10 पैसे प्रति यूनिट बिजली



चंडीगढ़। प्रदेश में कृषि फीडर से जुड़े मछली और झींगा पालकों को 10 पैसे यूनिट बिजली दी जाएगी। गैर-कृषि फीडरों से जुड़े 20 किलोवाट तक के लोड वाले उपभोक्ताओं को किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) और कृषि उद्योग श्रेणी के अंतर्गत 4.75 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी। इस श्रेणी में लोड सीमा को 20 किलोवाट से बढ़ाकर 40 किलोवाट तथा बिजली की दर 6.60 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 4.75 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक में कहा कि मत्स्य पालकों को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। मत्स्य तथा झींगा की बिक्री के लिए अलग से मंडी बनाई जाएंगी। यमुनानगर, रोहतक एवं फरीदाबाद में नई मृदा एवं जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

सड़क की मरम्मत में लापरवाही की तो एजेंसी की बैंक गारंटी होगी कैश

चंडीगढ़। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने डीएलपी अवधि के दौरान सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क खराब होने के बावजूद यदि संबंधित एजेंसी समय पर उसकी मरम्मत नहीं करती है तो विभाग कार्रवाई करने में देरी नहीं करेगा। ऐसी एजेंसी की बैंक गारंटी कैश करवाकर विभाग अपने स्तर पर कर्मचारी, रोलर और अन्य संसाधन लगाकर सड़क की मरम्मत करवाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने यह निर्देश हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में पीडब्ल्यू (बी एंड आर) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, अतिरिक्त सचिव हितेश कुमार मीणा, चीफ इंजीनियर स्तर के अधिकारियों सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

- हरियाणा में 19 हजार किमी डीएलपी सड़कों की निगरानी होगी
- अफसरों को कम से कम तीन दिन फील्ड में जाकर निरीक्षण के निर्देश

कुरुक्षेत्र विवि में खेल निदेशक की नियुक्ति पर हाईकोर्ट की रोक

चंडीगढ़। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में निदेशक पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर हुई चयन प्रक्रिया पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने साक्षात्कार के आधार पर लिए गए निर्णय और इसके तहत हुई नियुक्ति सहित सभी परिणामी कार्यवाहियों को अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने अमित कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई एक मार्च, 2027 तय की है। याचिकाकर्ता कैथल जिले के गांव कौल स्थित बाबू अनंत राम जनता कालेज में करीब 18 वर्षों से सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने विवि की ओर से पांच जून, 2026 को जारी विज्ञापन के तहत निदेशक पद के लिए आवेदन किया था।

- हाईकोर्ट ने सरकार व विवि प्रशासन से जवाब मांगा

धान खरीद के लिए भटक रहे किसान सीएम विदेशी दौरों में व्यस्त : कांग्रेस

चंडीगढ़। प्रदेश में किसान मंडियों में फसल बेचने के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी फिरौती और रंगदारी से भयभीत हैं, अपराधी बेखौफ हैं और जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी कभी पंजाब, कभी बिहार, कभी दिल्ली और अब विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं। चार से 6 अक्टूबर तक सिंगापुर और 14 से 17 अक्टूबर तक स्वीडन के दौरे पर रहे मुख्यमंत्री की प्राथमिकताएं प्रदेश की जनता के सवालों के घेरे में हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा को छोड़कर हर जगह नजर आते हैं, बस अपने प्रदेश की परेशान जनता के बीच नहीं वह 'पार्ट-टाइम मुख्यमंत्री, फुल-टाइम राजनीतिक पर्यटक' ही नहीं, हरियाणा के 'नॉन-रेजिडेंट हरियाणवी' बनकर रह गए हैं। किसानों को फसल की खरीद, उठान और भुगतान के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। कांग्रेस मांग करती है कि खरीद व्यवस्था तत्काल दुरुस्त हो और किसानों को समय पर भुगतान मिले। उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए।

पंजाब-हरियाणा में कट रहे पेड़ और घट रही हरियाली, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा में घटते हरित क्षेत्र पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर वन क्षेत्र बढ़ाने की ठोस नीति तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रोहित कपूर की खंडपीठ ने मुख्य सचिवों से 28 अक्टूबर तक शपथपत्र दाखिल करने को कहा है। अदालत ने कहा कि पेड़ों की कटाई और पर्यावरण को हो रहे नुकसान के गंभीर परिणाम आम जनता को भुगतने पड़ रहे हैं। भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में वन एवं वृक्ष आवरण कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.67 प्रतिशत और हरियाणा में 3.65 प्रतिशत है। राष्ट्रीय औसत 25.17 प्रतिशत है। राष्ट्रीय वन नीति, 1988 में कुल भौगोलिक क्षेत्र के 33 प्रतिशत हिस्से पर वन एवं वृक्ष आवरण का लक्ष्य रखा गया है। हाईकोर्ट ने पंजाब और हरियाणा में 15 रक्षा स्थलों पर बुनियादी ढांचे के विस्तार और निर्माण के लिए 8000 पेड़ काटने की अनुमति दी है। यह मंजूरी रक्षा अधिकारियों के शपथपत्रों और आश्वासनों का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर दी गई है।

- 28 अक्टूबर तक शपथपत्र दाखिल करने के आदेश

बीएलओ ड्यूटी से राहत मांगने पर सस्पेंड शिक्षक बहाल

चंडीगढ़। पत्नी की मौत के बाद 83 वर्षीय बुजुर्ग मां और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी संभाल रहे हरियाणा के एक शिक्षक को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की ड्यूटी से राहत मांगना भारी पड़ गया। हिसार जिले के इस शिक्षक को निलंबित करने और उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने मामले में राहत देते हुए संबंधित अधिकारियों पर कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने शिक्षक को चार सप्ताह के भीतर बकाया वेतन का भुगतान करने के भी निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता सुनील कुमार हिसार जिले के बरवाला स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में जेबीटी शिक्षक एवं कार्यकारी मुख्य शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिमरनदीप कौर पुत्री जसवंत सिंह निवासी वार्ड न0-13 टिब्बा कालोनी रतिया जिला फतेहाबाद, दिनांक 24.07.2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गुमशुदा लड़की का हुलिया निम्नलिखित है:
नाम: सिमरनदीप कौर
उम्र: 17 वर्ष 6 महीने
कद: 5 फुट
रंग: सांवला
चेहरा: गोल
पहनावा: सफेद रंग की टी-शर्ट व जामुनी रंग की पैन्ट पहने हुए है।



जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:
संपर्क करें:
थाना शहर रतिया फतेहाबाद
मोबाइल नं.: 88140-11762
प्रबन्धक अफसर थाना शहर रतिया फतेहाबाद
अनुसंधान कर्ता 81999-32960 या
नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।
आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी
पीआरडीएच-1084/11/5487/2027/50295/88/6 दि. 16.10.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD NO 28 दिनांक 15.10.2026 धारा 194 बी.एन.एस.एस थाना मुरथल जिला सोनीपत ।

नाश की पहचान




नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम-नामालूम।
पता- नामालूम ।
कद- 5 फुट 6 इंच ।
उम्र-करीब 45-50 वर्ष ।
हुलियाः रंग सांवला, हष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, सफेद बाल, काली आँखे, चपटा नाक, दाहिने हाथ की कलाई के पास चोट का निशान ।
पहनावाः- सफेद ग्रे रंग की चैकदार शर्ट, हल्के ब्राउन रंग का लोअर पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.10.2026 को एक नामपता नामालूम पुरुष की नाश मुरथल FLYOVER के नीचे सार्वजनिक शौचालय के पास मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग / सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410540
अनुसंधान कर्ता मो0 न0 – 9813123229
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-22229, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।
पीआरडीएच-1084/11/5481/2027/50259/88/6 दि. 16.10.26

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 290 दिनांक 13.10.26 धारा 127 (6) BNS थाना कलानोर जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम-साहिल
पिता/पति का नाम – मनजीत
पता - निवासी सुडाना रोहतक
उम्र-24 वर्ष
कद-5 फुट 10 ईंच ।
हुलिया- रंग गोरा, गोल लम्बुतरा चेहरा, जिसने कबूतरी रंग की लोवर व हवाई चप्पल पहने हुए है उपरोक्त साहिल नाम का व्यक्ति दिनांक 05.10.26 को अपने घर सुडाना रोहतक से कही चला गया है जिस सम्बंध मे मंजीत उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त पेश की गई। जिस पर अभियोग पंजीकृत हुआ है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना कलानोर रोहतक - 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200,
पीआरडीएच-1084/11/5484/2027/50273/88/6 दि. 16.10.26

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी काटलोग स.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
UMB-Mix-44-2026	बठिंडा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार (2nd Entry) के पास, GRP क्वार्टर के निकट 1894.20 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	27.10.2026 12:00:00
	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर सैलून साइडिंग के पास मालगोदाम रोड पर कुल 949 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन पर कुल 500 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
UMB-Mix-45-2026	साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन बिल्डिंग के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल, और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार (2nd Entry) पर कुल 386.82 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल।	02.11.2026 12:00:00

3622/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

THE MAHENDRAGARH CENTRAL CO-OP. BANK LTD;MAHENDRAGARH
Railway Road, Near AnajMandi, Mahendragarh 123029

Public Notice for Empanelment of Valuers/Professionals

The Mahendragarh Central Co-operative Bank Ltd; Mahendragarh invites applications from eligible individuals and proprietors/Partnership firms [fulfilling the criteria appended to this notice in the format annexed (Annexure-1)] for empanelment of valuers/professionals for valuations of Immovable Properties taken/to be taken as securities against loans and advances and other services. The application in prescribed format Annexure-1 [may be downloaded from the website (www.mahendragarhdccb.bank.in) of the Bank or may be obtained in office hours from the Bank), complete in all respects alongwith the supportive documents in a sealed. envelope must reach the Bank utpo 27.10.2026 at the Bank address. The Bank's decision on selection shall be final and no communication in that respect shall be entertained.

General Manager

THE MAHENDRAGARH CENTRAL CO-OP. BANK LTD; MAHENDRAGARH
Railway Road, Near Anaj Mandi, Mahendragarh 123029

Public Notice for Empanelment of LAW Firms Legal Advisors.

The Mahendragarh Central Co-operative Bank Ltd; Mahendragarh invites applications from Law Firms/Legal Advisors enrolled with the respective Bar Association, having office(s) in District Mahendragarh (Requisite Qualification and experience as per the eligibility criteria as set out in 'Annexure-A' preferably/empanelled with other Banks and Financial institutions to assist the Bank in:-

1. Scrutiny of title deeds.
2. Provide the legal opinion for properties offered as security in view of credit facilities to be obtained from the Bank.
3. Vetting of legal documents such as Loan Agreement, Guarantor Bond, Pronote, DP Note, Loan Application, Mortgage Deed etc. for the credit facilities extended by the Bank.

The application in prescribed format 'Annexure-A' [may be downloaded from the website (www.mahendragarhdccb.bank.in) of the Bank or may be obtained in office hours from the Bank), complete in all respects, must reach the Bank upto 27-10-2026 in the Bank address. The Bank's decision on selection shall be final and no communication in that respect shall be entertained.

General Manager

नवरात्र पर विशेष



सप्तम-कालरात्रि

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना की जाती है। देवी का वाहन गर्दभ (गधा) है। शरीर का रंग गहन अंधकार की भांति काला है, नाक से श्वसन प्रक्रिया में अग्नि की ज्वाला निकलती है। बाल बिखरे हुए हैं। गले में नरमुंडों की माला और मुर्दों पर सवार देवी का यह स्वरूप भयानक अवश्य है, लेकिन फिर भी मां सदैव शुभ फल ही देती है। इसी कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। कालरात्रि दुष्टों का विनाश करती है। दैत्य-दानव, राक्षस और भूत-प्रेत तो देवी के स्मरण मात्र से भाग जाते हैं। अपने भक्तों के प्रति उदारमना देवी का एक हाथ सदैव वरदान देने के लिए उठा रहता है। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि-भय, जल-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली हैं। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लंबोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥

बाबा रामदेव की भांजी की सगाई में लगा दिग्गजों का जमावड़ा



नारनौल। भांजी के सगाई समारोह में हवन यज्ञ में भाग लेते हुए बाबा रामदेव व अन्य अतिथि।

नारनौल। क्षेत्र के गांव खटोटी-सुल्तानपुर में शुक्रवार को आयोजित सगाई समारोह चर्चा का विषय रहा। यहां योग गुरु बाबा रामदेव की भांजी मुदिता यश की सगाई गुरुग्राम निवासी कुशल वीर के साथ हुई। समारोह में धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मवीर सिंह, वन मंत्री नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व विधायक सीताराम, राजस्थान के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, अभिमन्यु यादव सहित अनेक दिग्गज पहुंचे। मुदिता डॉ. यशदेव शास्त्री और डॉ. ऋतम्भरा शास्त्री की पुत्री हैं और एमबीए पास हैं। वहीं, कुशल वीर गुरुग्राम निवासी डॉ. वीर सिंह और राजेश वीर के पुत्र हैं। कुशल खुद बेंगलुरू में एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं।



बच्चे के साथ टैंक में कूदी पत्नी बचाते हुए पति की भी जान गई



दो युवकों ने अढाई वर्षीय बच्चे को बचाया, अस्पताल में भर्ती

बरवाला (हरिभूमि न्यूज)। क्षेत्र के गांव गैबीपुर के जलघर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आपसी पारिवारिक कलह के चलते एक महिला अपने अढाई साल के बच्चे को लेकर जलघर के टैंक में कूद गई। अपनी पत्नी और बच्चे को बचाने के लिए पति ने भी टैंक में छलांग लगा दी, जिससे पानी में डूबने से दंपती की मौत हो गई। जलघर के पास काम कर रहे दो युवकों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को बचा लिया। बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों की पहचान गैबीपुर निवासी 32 वर्षीय राजकुमार व उसकी पत्नी 30 वर्षीय सुनीता के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई फलैल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बरवाला पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को आगामी कार्रवाई के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल के शव गृह में भिजवा दिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच आपसी कलह चल रही थी, जिसके चलते यह कदम उठाया गया।

बाउंसर के साथ 3 साल का अफेयर पड़ा शादी पर भारी

3 बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ मिलकर काटा पति का गला

- दो दिन पहले ही बच्चों के साथ गांव से आई थी पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतार दिया। दोनों ने सोते हुए युवक की गर्दन पर चाकू से वार किए। पुलिस ने जांच के दौरान महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि महिला का बाउंसर के साथ तीन साल से अफेयर चल रहा था। महिला के पति को इस संबंध के बारे में पता चल गया था। इसके बाद महिला ने पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 15 अक्टूबर को पति शराब के नशे में सो गया। इसके बाद महिला ने अपने प्रेमी को बुलाया और दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

मृतक की पहचान हाथरस जिले के कुंवरपुर गांव निवासी गोपाल (37) के रूप में हुई है। गोपाल डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। वह श्याम कॉलोनी पार्ट-1 में किराए के मकान में अकेला रहता था, जबकि उसकी पत्नी काजल अपने तीन बच्चों के साथ गांव में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, दो दिन पहले काजल अपनी बेटी शालिनी और दो बेटों को लेकर गोपाल के पास आई थी। काजल पिछले करीब तीन साल से कुंवरपुर गांव के रहने वाले योगेंद्र के संपर्क में थी। योगेंद्र बाउंसर है और साथ में पहलवानी करता है। गुरुवार शाम को गोपाल की पत्नी काजल और तीनों बच्चे मकान में मौजूद थे। बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। तब पत्नी ने इस वारदात को प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दिया। बेटी की सूचना परिजन फरीदाबाद पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोपाल की पत्नी काजल से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में काजल ने प्रेमी योगेंद्र के साथ मिलकर पति की हत्या करने की बात स्वीकार की।

बाथरूम में बंधा मिला टीचर की पत्नी का शव

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिले के दौलाह गांव में शुक्रवार को 35 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। उसके हाथ बंधे हुए थे और चेहरे पर टेप चिपकी थी। घर का सामान भी बिखरा मिला। प्रारंभिक तौर पर घटना को चोरी से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। मृतका की पहचान नीतू (35) के रूप में हुई है। उसका पति प्रशांत एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे प्रशांत बच्चों को लेकर घर लौटा तो सामान बिखरा मिला। अनहोनी की आशंका पर उसने तलाश की तो पत्नी बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसके हाथ बंधे हुए थे और चेहरे पर टेप चिपकी थी।

ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर पलटी निजी बस, 2 की मौत, 13 घायल

- भिवानी में हांसी रोड पर हादसा, सवारियों ने बस के तेज रफ्तार होने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी





भिवानी। बस हादसे में घायल को अस्पताल लाए लोग व दुर्घटनाग्रस्त बस।

हांसी रोड पर प्रेम नगर पावर हाउस के पास शुक्रवार शाम एक निजी बस पलटने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 यात्री घायल हो गए और कंडेक्टर की हालत गंभीर है। बस भिवानी से हांसी की तरफ जा रही थी। सिटी मजिस्ट्रेट अनिल कुमार और डीएसपी क्राइम अनूप कुमार ने मौके की जानकारी देते हुए हादसे की पुष्टि की। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बस चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही के आरोप लगाए हैं। हादसे में जान गंवाने वाला एक युवक प्रेम नगर निवासी मोहित बताया गया है, जो भिवानी में एमपीएमटी की कोचिंग की तैयारी कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, करीब साढ़े पांच बजे भिवानी-हांसी रोड पर प्रेम नगर पावर हाउस के सामने एक निजी बस ब्रेकर के पास असंतुलित होकर पलट गई। बस में करीब 50 से 70 यात्रियों के सवार होने की बात सामने आई है।

सिटी मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ने बताया कि घायलों से बातचीत में सामने आया कि बस ब्रेकर के पास असंतुलित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 15 लोगों को लाया गया था। इनमें से पांच लोगों को मामूली उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि दूसरे की अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हुई।

चालक पर फोन पर बात करने का भी आरोप

बस में सवार यात्री सोमेश निवासी जाटलुआरी ने बताया कि बस प्रेम नगर पावर हाउस के सामने बने ब्रेकर के पास अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर की तरफ पलट गई। सोमेश के अनुसार, बस तेज गति से चल रही थी और हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी रमेश कुमार, जिनका मकान पावर हाउस के सामने है, ने आरोप लगाया कि बस चालक तेज गति से बस चला रहा था और फोन पर बात कर रहा था। उन्होंने बताया कि एक यात्री बस से उतरना चाहता था, लेकिन बस नहीं रुकी और ब्रेकर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि, चालक के फोन पर बात करने और अन्य आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

डिस्ट्रीब्यूटरी में मिला नवजात बच्ची का शव

रेवाड़ी। खुशपुरा डिस्ट्रीब्यूटरी में शुक्रवार सुबह एक नवजात बच्ची का शव मिला है। पुलिस ने शव को अस्पताल भिजवा दिया। स्वास्थ्य विभाग से गर्भवती महिलाओं के आंकड़ों की जानकारी लेकर पुलिस मां का पता लगाने के प्रयास कर रही है। जादूसाना थाना प्रभारी प्रिंस के अनुसार नवजात का जन्म एक या दो दिन पहले होने का अनुमान है। उसकी ओरनाल भी नहीं कटी हुई थी।

एनकाउंटर : पैर में गोली मारकर दबोचा एक आरोपी बाइक से गिरकर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

वृद्धा की मौत के मामले में पुलिस को मिले सुराग

रायपुर फाटक के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों की गोली पुलिस की गाड़ी में लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी भावेश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा आरोपी जयेश मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। उसका पैर टूट गया। दोनों को पुलिस ने काबू कर नागरिक अस्पताल हिसार में भर्ती करवाया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी मॉडल टाउन में बुजुर्ग महिला संतोष कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले से संबंधित हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि शुक्रवार सायं दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर रायपुर फाटक की तरफ आने वाले हैं। तब नाकाबंदी कर यह कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी व लूट सहित कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। बता दें कि मॉडल टाउन निवासी संतोष कुमारी का 8 अक्टूबर को घर में संदिग्ध हालात में शव मिला था। वह घर में अकेली रहती थीं।

पलवल में चौकी इंचार्ज 3 हजार रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़/पलवल

पलवल में रिश्वतखोरी के दो केस : तहसील और हथीन गेट पुलिस चौकी में कार्रवाई से मचा हड़कंप

एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद की टीम ने हथीन गेट चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार को 3 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने शराब पीने का केस दर्ज नहीं करने के बदले शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी थी। आरोपी पहले ही 5 हजार रुपये ले चुका था। शिकायतकर्ता के अनुसार, एसआई राजेश कुमार ने उसे घर के सामने शराब पीते पकड़ा था।

पटवारी का निजी सहायक 3 हजार रिश्वत लेते काबू

वहीं, एसीबी ने पलवल में ही कार्रवाई करते हुए हलका पटवारी के निजी सहायक यादराम को 3 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता के रजिस्ट्री दस्तावेजों को राजस्व रिकॉर्ड में ऑनलाइन दर्ज करने के एवज में हलका पटवारी प्रवेश की ओर से रिश्वत मांगने का आरोप है। बताया जा रहा है कि मामले में संबंधित हलका पटवारी प्रवेश फरार है। उसकी भी भूमिका की जांच हो रही है। शिकायत के अनुसार, आरोपी यादराम पहले भी शिकायतकर्ता से 7 हजार रुपये रिश्वत के रूप में ले चुका था। इसके बाद उसने हलका पटवारी प्रवेश की ओर से 3 हजार रुपये की अतिरिक्त रिश्वत की मांग की।

कोरियर से नशीली सिरप भेजने के खेल का खुलासा

पंचकूला। पंचकूला के सेक्टर-25 में क्राइम ब्रांच-3 की टीम ने एक कोरियर कंपनी के कार्यालय से कोडीन युक्त कफ सिरप की 10 पेटियों में 1000 शीशियां बरामद की हैं। ड्रग कंट्रोल अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत चंडीमंदिर थाने में केस दर्ज किया है। पुलिस ने सामान प्राप्त करने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि दवा जहां भेजनी थी, वह पता फर्जी था। आरोपी कोरियर कंपनी से ही दवा बरामद करता था। आरोपी द्वारा दवा का जो बिल भी दिया गया था, वह भी फर्जी पाया गया।

मंदिर की आड़ में वन विभाग की 2 एकड़ जमीन पर कब्जा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी भोपाल सिंह खदरी ने वन विभाग एवं पशुपालन विभाग की सीएम विंडो तथा जनसंवाद पर आई समस्याओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक शिकायत में आया कि पंचकूला सेक्टर 23 में महेन्द्र कुमार द्वारा वन विभाग की दो एकड़ भूमि पर मंदिर की आड़ में मकान, हॉस्टल, पौध नर्सरी आदि बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ है और आसपास 500 से अधिक हरे पेड़ों की कटाई के साथ पहाड़ी को काटकर पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। विशेष अधिकारी ने इस भूमि को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हरियाणा सरकार

मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना (MMDUY)

हरियाणा के बच्चों और माताओं के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल।

अगस्त, 2020 से राज्य सरकार की पहल

हम क्या प्रदान करते हैं?

फोर्टिफाइड स्किम्ड मिल्क — 200 ml
माइक्रोन्यूट्रिएंट इंस्टेंट खीर मिक्सचर — 45 gm
प्रोटीन मिल्क बार — 30 gm

किसे मिलता है?
1 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चे
गर्भवती महिलाएं
धात्री / स्तनपान कराने वाली माताएं

वितरण व्यवस्था: प्रत्येक उत्पाद का वितरण सप्ताह में 2 दिन किया जाता है।

योजना के उद्देश्य
कुपोषण और एनीमिया से रोकथाम
बच्चों और माताओं की पोषण स्थिति में सुधार
बच्चों में कम वजन और ठिगनापन की समस्या में कमी लाना
आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना

यह क्यों महत्वपूर्ण है?
- बच्चों की आवश्यकता के अनुसार प्रोटीन और कैलोरी की पूर्ति।
- विटामिन A, D2 और अन्य महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध।
- बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं विकास में सहायक।
- गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरण।

बेहतर पोषण, स्वस्थ बचपन, सशक्त हरियाणा

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
Bays No. 15-20, Sector 4, Panchkula, Haryana-134112. Phone : 0172 256 0349
वेबसाइट: wcdhry.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंता

11 व 16 वर्षीय बच्चे घर से भागे, दिल्ली स्टेशन पर मिले

हीरो बनने की चाह : गूगल हिस्ट्री से पता चला मुंबई के लिए भागे हैं

टैब में मिली मुंबई जाने वाली ट्रेनों की जानकारी और किराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कुंगड़ के दो विद्यार्थियों का बड़े पर्दे पर हीरो बनने का सपना घर से दूर दिल्ली तक ले गया। गांव कुंगड़ के राजकीय विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 11 वर्षीय अरमान और 11वीं कक्षा के 16 वर्षीय जतिन ने मुंबई में घूमने व फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए घर से निकलने की योजना बनाई। दोनों वीरवार सुबह परिजनों को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकले, लेकिन स्कूल पहुंचने की बजाय दिल्ली चले गए। उनकी योजना दिल्ली से मुंबई पहुंचकर फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने की बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस की मदद से दोनों छात्रों को बरामद कर लिया गया, जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।

परिजनों को जब दोनों छात्रों के घर नहीं लौटने की चिंता हुई तो उन्होंने तलाश शुरू की। वीरवार रात को परिजन बवानीखेड़ा थाना पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर टीमें बना दीं। स्टेशनों पर भी सूचना दी गई। इसके बाद परिजन घर लौटे तो उन्होंने छात्रों के टैब की जांच की। टैब में गूगल हिस्ट्री में मिली जानकारी ने परिजनों को चौंका दिया। बताया जाता है कि उसमें रोहतक से दिल्ली और दिल्ली से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के किराये की जानकारी खंगाली गई थी। इससे परिजनों को अंदेशा हुआ कि दोनों छात्र मुंबई जाने की योजना बना रहे थे। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि परिजन व पुलिस टीमें बच्चों को लेने के लिए रवाना हो चुकी हैं, दोनो छात्र मिल गए हैं।

रोहतक रेलवे स्टेशन पर भी की तलाश

परिजन कर्म सिंह के अनुसार, टैब में ट्रेन संबंधी जानकारी मिलने के बाद वे रात करीब डेढ़ बजे रोहतक के लिए रवाना हो गए और लगभग ढाई बजे वहां पहुंच गए। उन्हें जानकारी मिली थी कि रोहतक से सुबह 3:15 बजे मुंबई के लिए ट्रेन जाती है। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में दोनों छात्रों की तलाश की, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। रोहतक में तलाश के दौरान जब दोनों छात्रों का पता नहीं चला तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसी बीच दिल्ली पुलिस की कार्रवाई से दोनों छात्रों के मिलने की सूचना मिली। इसके बाद परिजनों ने राहत महसूस की। कम उम्र में फिल्मी दुनिया में हीरो बनने का सपना लेकर घर से निकले दोनों छात्रों की इस घटना ने परिवार को चिंता में डाल दिया।

एआई एजेंट ने बिना अनुमति गोपनीय डेटा तक बनाई पहुंच


भारतीय संगठनों पर साइबर हमले सीईआरटी-इन ने दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने 'गंभीर' चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित स्वायत्त एजेंट ने बिना अनुमति भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली और गोपनीय डेटा तक पहुंच बनाई है। साथ ही, साइबर हमलावर तेजी से साइबर हमले करने के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

'एआई एजेंट्स ऐज अटैक वेक्टर्स' शीर्षक वाले अपने परामर्श (सीआईएडी-2026-0049) में भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने भारतीय संस्थाओं के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाओं की दो अलग-अलग श्रेणियों का उल्लेख किया है।

- हमले के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं
- हमले करने मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे
- एजेंट निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए



कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया

पहली श्रेणी की घटनाओं में एआई मॉडल बनाने वाली कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया कि शोध एवं मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे स्वायत्त एआई मॉडल और एजेंट अपने निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए तथा भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली तक पहुंच गए।

गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े

एजेंसी ने कहा कि इन गतिविधियों के दौरान एआई एजेंट ने व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े। उन्होंने इसके लिए उन क्रेडेंशियल और कनेक्शन सेटिंग का इस्तेमाल किया, जो एप्लिकेशन के कॉन्फिगरेशन, सार्वजनिक कोड रिपॉजिटरी और जरूरत से ज्यादा अधिकार वाले क्लाउड सेवा खातों में रह गए थे।

घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी ने किया : खास बात यह रही कि प्रभावित संगठनों में से कोई भी अपने स्तर पर इसका पता नहीं लगा पाया। हर मामले में घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी की आंतरिक समीक्षा के बाद किया गया। एक अलग तरह की गतिविधि का पता सीईआरटी-इन ने अपनी खतरा तलाशने की प्रक्रिया के दौरान लगाया।

उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार किया जा रहा

एजेंसी ने कहा कि इन उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार कर दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे कई उपकरणों की तैनाती विभिन्न देशों के सर्वरों पर देखी गई है। सीईआरटी-इन के अनुसार, इस अभियान में एआई एजेंट आधारित उपकरणों ने शुरुआती पहुंच हासिल करने और अंतिम नुकसान पहुंचाने के बीच का समय कई दिनों से घटाकर कुछ घंटों तक कर दिया।

शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के 38 शोधकर्ता शामिल



भुवनेश्वर। अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और डच एकेडमिक पब्लिशिंग व इंफॉर्मेशन एनालिटिक्स कंपनी 'एल्सेवियर' (एल्सेवियर) द्वारा तैयार की गई 2026 के लिए दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (शिक्षा 'ओ' अनुसंधान) के 38 शोधकर्ताओं ने जगह बनाई है।स्टैनफोर्ड की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की यह सूची दो श्रेणियों में शोधकर्ताओं पर केंद्रित है - 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' (पूरे करियर का प्रभाव) और 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' (हाल के एक वर्ष का प्रभाव)। शिक्षा ओ अनुसंधान से चुने गए 38 शोधकर्ताओं में से 35 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची में हैं, जबकि 20 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' सूची में शामिल हैं। जहाँ 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान साइटेशन (उद्धरण) प्रभाव को मापती है, वहीं 'करियर-लॉन्ग' सूची जीवन भर या लंबे समय तक रहे विद्वतापूर्ण प्रभाव को दर्शाती है। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान की इस सूची में इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों से 27 शोधकर्ता शामिल हैं, जो यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संकाय - 'इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च' आईटीईआर) - और इससे जुड़े शोध संस्थानों में काम करते हैं।

एनएमडीसी सतर्कता कार्यक्रम में एनएसएल पोर्टल, तिमाही प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ



हैदराबाद। एनएमडीसी के सतर्कता विभाग द्वारा शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के लिए एक सतर्कता पोर्टल, कर्मचारी आवास के लिए एक ऑनलाइन तिमाही प्रबंधन प्रणाली और एनएमडीसी सतर्कता मैनुअल, 2026 के दूसरे संस्करण का अनावरण किया गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में पारदर्शिता, जवाबदेही और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सतर्कता आयुक्त प्रवीण वशिष्ठ ने ईमानदार अधिकारियों की रक्षा करते हुए सुव्यवस्थित सतर्कता दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जोखिम-आधारित निरीक्षण, प्रणालीगत सुधार और समय पर जांच के माध्यम से निवारक सतर्कता में मुख्य सतर्कता अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला, साथ ही व्यावसायिक दक्षता में बाधा डाले बिना जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी।

वीआईटी पूर्व छात्र संघ का उद्घाटन



इंदौर। हाल ही में, आईआईटी इंदौर के रजिस्ट्रार सिबा प्रसाद होता ने वीआईटी के पूर्व छात्र संघ (वीआईटीएए) के इंदौर चैप्टर का उद्घाटन किया। यह वीआईटीएए का 65वां चैप्टर है। वीआईटी के संस्थापक और चांसलर डॉ.जी.विश्वनाथन ने इंदौर चैप्टर को वीआईटी के महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक बताया। इस उद्घाटन समारोह में सीबीआई के पूर्व निदेशक और वीआईटी भोपाल के वर्तमान सलाहकार श्री ऋषि शुक्ला, वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन, श्रीमती रमानी बालसुंदरम, वीआईटी भोपाल के कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. प्रो. सतीश कुमार मोध, वीआईटी भोपाल के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. श्रीधरन टी.बी., वीआईटीएए के निदेशक डॉ. कार्तिकेयन शिवषणमुगम और वीआईटीएए के सहायक निदेशक डॉ. भाग्यवीरेश्वरन भी मौजूद थे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में 100 से अधिक पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ यहाँ एकत्रित हुए और उन्होंने अपने शिक्षण संस्थान (अल्मा मेटर) में बिताए अपने पसंदीदा पलों को याद किया।

आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 414 अंक मजबूत

मुंबई (एजेंसी)। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 413.66 अंक बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 463.17 अंक चढ़कर 74,778.78 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 148.80 अंक बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 8.45 प्रतिशत चढ़ा।

सूचना

मैं, सुरेश कुमार पुत्र माई राम निवासी मकान नंबर 786, वार्ड नंबर 23, डीआरएम स्कूल के पास, विजय नगर, जींद-126102 (हरियाणा) ने अपना नाम 'सुरेश बेनीवाल' से बदलकर 'सुरेश कुमार' कर लिया है। भविष्य में सभी कार्यों के लिए यही नाम मान्य होगा।

मार्केट न्यूज

नय्यी नवेली' में बुराई पर वार, डा. आँर्थो के साथ दर्द पर प्रहार

फिल्म नय्यी नवेली व आयुर्वेदिक डा. आँर्थो ऑयल की विशेष ब्रांड साझेदारी

चंडीगढ़। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी फिल्म 'नय्यी नवेली' एक नई दुल्हन मोहिनी की कहानी है, जो एक उथल-पुथल भरे परिवार में आकर सब कुछ बदल देती है। लेकिन जल्द ही उसके देवर को शक होने लगता है कि मोहिनी कोई आम इंसान नहीं, बल्कि किसी अलौकिक शक्ति या डायन का रूप है। फिल्म में यामी गौतम मोहिनी की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के प्रमोशन के दौरान यामी गौतम ने कहा कि एक बार फिर होगी बुराई पर अच्छाई की जीत, क्योंकि जीत के लिए हर मुश्किल का सामना करना जरूरी है। जैसे डा. आँर्थो आयुर्वेदिक ऑयल लड़ता है जोड़ों के दर्द से। डा. आँर्थो देता है दर्द से राहत और बेहतर जिंदगी का भरोसा। डा. आँर्थो, अब दर्द भी घुटने टेकेगा।



वहीं, फिल्म की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा संजीव जुनेजा ने कहा कि अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष को दर्शाने वाली कहानिय हमेशा दर्शकों को आकर्षित करती हैं। ऐसी कहानियां यह संदेश देती हैं कि मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, हिम्मत और विश्वास के साथ उनका सामना किया ज सकता है। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए इसकी शानदा सफलता की कामना की। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि डा. आँर्थो तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। आज भारतवर्ष में लगभग हर घ में डा. आँर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा. आँर्थो तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतन ही नहीं, डा. आँर्थो आयुर्वेदिक तेल के साथ-साथ, स्ट्रांग तेल, कैप्सूल, आइंटमेंट बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

पीएनबी के लाभ में 13 फीसदी का आया उछाल

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,532 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना, चांदी के भाव स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने और चांदी के भाव स्थिर रहे, जिससे उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद मामूली राहत मिली। हालांकि, मजबूत होते रुपये ने बहुमूल्य धातुओं में सुधार की गुंजाइश को सीमित कर दिया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार सभी करों सहित 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। चांदी भी 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय बाजार में इस सप्ताह के दौरान सोने की कीमतों में 4,500 रुपये यानी तीन प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि चांदी के दाम में 13,500 रुपये यानी छह प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डिजिटल मंच जियोटस डॉट कॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम सुब्बुराज ने कहा कि बहुमूल्य धातुओं ने सोने के 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम की ओर फिसलने के बाद नुकसान की भरपाई करने का प्रयास किया।

डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 94.92 पर

मुंबई (भाषा)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ। यह सात पैसे की बढ़त के साथ 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग रोकने के लिए उठाए गए कदमों से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 94.75 पर खुला। कारोबार के दौरान 94.71 का उच्च स्तर और 95.06 का निचला स्तर छुआ तथा अंत में पिछले बंद भाव से सात पैसे चढ़कर 94.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 94.99 पर बंद हुआ था। चॉइस ब्रोकिंग की जिंस तकनीकी विश्लेषक कावेरी मोरे ने कहा, "रुपया अब 94 के आसपास एक महत्वपूर्ण समर्थन दायरे के करीब पहुंच रहा है।

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एचएसएम प्रभाग

विषय : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग के 24x7 संकट नियंत्रण कक्ष में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर चार (04) युवा पेशेवर की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन (एचएसएम) प्रभाग के **24x7 संकट नियंत्रण कक्ष** में विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर **चार (04) युवा पेशेवर** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद के लिए **रु. 70,000/-** प्रतिमाह की समेकित फीस का भुगतान किया जाएगा। रिक्ति परिपत्र का पूर्ण विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.nic.in पर 'भर्ती (Recruitment) लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

CBC-13101/11/0016/2627

हरियाणा सरकार — **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद टोहाना	एम.सी. टोहाना में एम.सी. सीमा में स्ट्रीट लाइट पोल्स जिनके ऊपर से 11 केवी पावर लाइन गुजर रही है, की शिफ्टिंग के सम्बन्ध में + 1 कार्य।	12.10.2026 20.10.2026	59,03,226/-	https://eprocure.gov.in	9996678131 mctohana1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50283/I/88/6 दि. 16.10.26

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

निविदा का तरीका	E-Tender (Two Packet)
निविदा सूचना संख्या	134-W/Dy. CE/C/UMB/2026-27
कार्य का नाम एवं स्थान	लुधियाना–धुरी–जाखल सेक्शन पर मलेरकोटला और कुप रेलवे स्टेशनों के बीच Km 43/11-12 पर नौजूद ROB नंबर 108–A का पुनर्निर्माण, ताकि डबल स्टैक कंटेनरों की आवाजाही हो सके।
अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत	रुपये 745188439.49
कार्य निष्पादन की अवधि	12 (बारह) माह
जमा की जाने वाली जमानती राशि	रुपये 14903800.00
ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक 16.10.2026 से 10.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
पूर्व–बोली सम्मेलन एवं माध्यम	22.10.2026 को 12.00 बजे VC लिंक के ज़रिए ऑनलाइन या Dy. CE/C/UMB ऑफिस में व्यक्तिगत रूप से। VC लिंक और अन्य जानकारी टेंडर डॉक्यूमेंट में दी गई है।
निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय	10.11.2026 को 15:00 बजे तक, निविदाकर्त्ता द्वारा 27.10.2026 से 10.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय	15:00 बजे दिनांक 10.11.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

Tender Notice No.:- 134–डब्ल्यू/उप.मु.अभि.नि./अ.छा./2026–27, Dated:- 16.10.2026 3615/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उद्यान विभाग, हरियाणा
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम करवाया जाना है:

क्र. सं.	दिनांक	प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में)	प्रशिक्षण का विषय	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या
1	26.10.2026 से 30.10.2026	5	बागवानी योजनाएं व उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण	10

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाऐगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. विकास श्योराण, उद्यान विकास अधिकारी (Mob No-9255971187) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 23.10.2026 शाम 02:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 23.10.2026 को शाम 04:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतु आवेदन एक परिवार से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जावेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1243/2027/50293/88/6 दि. 16.10.2026

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
11वां तल, दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
रिक्ति सूचना

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय, केंद्रीय वक्फ परिषद, नई दिल्ली में सचिव के पद को भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. उक्त पद को केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्तशासी या वैधानिक निकाय के अर्हक सेवारत अधिकारियों में से अथवा केंद्र सरकार में उप सचिव या निदेशक या उससे ऊपर के स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरा जाना है।
3. विस्तृत विज्ञापन, आवेदन का प्रारूप आदि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय तथा केंद्रीय वक्फ परिषद, नई दिल्ली की वेबसाइटों अर्थात minorityaffairs.gov.in एवं centralwaqfcouncil.gov.in पर उपलब्ध हैं।
4. विधिवत भरे हुए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिन है।

CBC 27101/11/0001/2627 अवर सचिव (वक्फ)

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान




प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 6380



बाएँ से दाए-


1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6379 का हल

क	ल	ह		म		प	र	दा	न	शी
पू		क	ल	श		छ	बी	ल		त
त	ल			व		ता			सा	ल
	ल		धा	रा	प्र	वा	ह		व	
म	क	ब	रा		था		म	हा	न	ता
			वा	दा		मा	स			
ह	म	रा	ही		पा		फ	र	मा	न
	यू		क	हा	नी	का	र		य	
ख	र			थी		र			का	न
प		ब	र	खा		ना	र	द		य
त	र	स	खा	ना		मा		म	न	न



खबर संक्षेप

अकोइजम बर्खास्तगी के फैसले को चुनौती देंगे

इम्फाल। यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में प्रोफेसर पद से बर्खास्त किये गये कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमल अकोइजम ने शुक्रवार को कहा कि उनके वकील इस कार्रवाई को चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं और एक-दो दिन में मुकदमा दायर करेंगे। इस मामले में दिल्ली के वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के एक दिन बाद अकोइजम इम्फाल लौट आए। उन्होंने मणिपुर के लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की।

लद्दाख प्रशासन ने सांकू को आठवां जिला बनाया

लेह/जम्मू। लद्दाख प्रशासन ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश के आठवें जिले के रूप में सांकू के गठन की घोषणा की। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इसके गठन को मंजूरी दे दी है। इस घोषणा से कारगिल जिले के सांकू क्षेत्र के लोगों की बहु प्रतिक्षित मांग पूरी हो गई है। सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ₹प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'सबका साथ, सबका विकास' के दृष्टिकोण के अनुरूप सांकू जिले के गठन की घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है।₹ प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न संगठनों की रचनात्मक भूमिका को भी स्वीकार किया और उन्हें बधाई दी।

बुलंदशहरः हादसे में परिवार के पांच की मौत

बुलंदशहर। उप्र के बुलंदशहर में दिल्ली-बदायूं हाईवे पर शुक्रवार दोपहर में श्रद्धालुओं से भरी ईको कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार चालक समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और एक बच्ची है। मृतक कासगंज जनपद के निवासी हैं। बुलंदशहर के नरौरा क्षेत्र के गांव बेलोन में स्थित सिद्धपीठ बेलोन भवानी के दर्शन करने आए थे। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर में नरौरा थाना क्षेत्र में रतनपुर खेड़िया गांव के पास कासगंज से बेलोन भवानी के दर्शन करने श्रद्धालु जा रहे थे।

दौरे से पहले प्रशासन को सूचित करें मोइत्राः सुको

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से कहा कि वह नादिया जिले के अपने दौरे से



एक दिन पहले जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि अधिकारी प्रोटोकॉल के अनुसार आवास सहित आवश्यक व्यवस्थाएं कर सकें। शीर्ष अदालत ने मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में जिला प्रशासन के एक सितंबर के उस परिपत्र का मुद्दा उठाया गया था, जिसमें सांसदों और विधायकों को प्रस्तावित दौरे से कम से कम तीन से चार दिन पहले सूचना देने को कहा गया था, ताकि प्रशासन उचित व्यवस्थाएं कर सके।

पोत आईएनएस 'समर्थक' का शुभारंभ



75% से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त है युद्धपोत

बैंगलुरू। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कर्नाटक के कारवार में भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय पोत आईएनएस समर्थक का शुभारंभ किया। यह शुभारंभ रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और उन्नत स्वदेशी नौसैनिक क्षमताओं के विकास की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त आईएनएस समर्थक भारत की औद्योगिक, प्रौद्योगिकीय और जहाज निर्माण क्षमताओं की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

केंद्र सरकार ने जनगणना नियम 1990 में संशोधन किया

निजी स्कूलों के शिक्षक जनगणना कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने जनगणना नियम, 1990 में संशोधन किया, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जनगणना प्रक्रिया के दौरान सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के शिक्षकों को भी प्रगणक नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में केंद्र ने 1990 के नियमों में संशोधन किया। नियमों में कहा गया है कि राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश शिक्षकों, लिपिकों या किसी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति को प्रगणक के तौर पर नियुक्त कर सकते हैं।

हरियाणा हाईकोर्ट की याचिका पर संशोधन

ये संशोधन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस की ओर से दायर याचिका की पृष्ठभूमि में किए गए हैं। याचिका में जनगणना ड्यूटी के लिए गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के शिक्षकों की सेवाएं लेने और उन्हें तैनात करने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति हरप्रीत सिंह बराड़ ने आठ अक्टूबर के आदेश में हरियाणा सरकार के उन दो पत्रों पर रोक लगा दी थी, जिनमें जनगणना ड्यूटी के लिए उपलब्ध शिक्षकों का ब्योरा मांगा गया था। अब अगली सुनवाई 29 अप्रैल, 2027 को होगी। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि जनगणना अधिनियम, 1948 या उसके तहत बनाए गए नियमों में सरकार को गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के शिक्षकों को प्रगणक या पर्यवेक्षक नियुक्त करने के लिए सेवाएं लेने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। याचिका में जनगणना संबंधी कार्यों के लिए सनिकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाएं लेने का विशेष प्रावधान है। निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूल और उनके कर्मचारी 'स्थानीय निकाय' की परिभाषा या दायरे में नहीं आते।

अधिसूचना में दी जानकारी

शुक्रवार की अधिसूचना में कहा गया है कि प्रगणक के रूप में कार्य करने के लिए जनगणना अधिकारी के तौर पर निम्नलिखित लोगों को नियुक्त किया जा सकता है: (i) सरकारी, स्थानीय निकायों, सहायता प्राप्त या गैर-सहायता प्राप्त निजी निकायों, सोसायटी या न्यासों के किसी भी शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक; (ii) केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय या किसी प्रतिष्ठान के लिपिक या अधिकारी। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वैधानिक निकाय, बैंक, कंपनियां, संस्थान, सोसायटी और न्यास शामिल हैं; (iii) ऐसा कोई भी व्यक्ति, जिसे राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश का प्रशासन उपयुक्त समझे।

राजस्थान में नीट काउंसलिंग में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

एसएमएस कॉलेज में निजी कंपनी की अनधिकृत काउंसलिंग पर केस

'स्टेट नीट-यूजी मेडिकल एंड डेंटल काउंसलिंग बोर्ड' के अध्यक्ष की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

कंपनी के सोशल मीडिया प्रचार से संबंधित सामग्री, तस्वीरें और अन्य डिजिटल साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान के जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) मेडिकल कॉलेज परिसर में कथित तौर पर अनधिकृत काउंसलिंग गतिविधियों के मामले में एक निजी परामर्श फर्म और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान नीट-यूजी मेडिकल एवं डेंटल काउंसलिंग के दौरान एसएमएस मेडिकल कॉलेज परिसर में कथित अनधिकृत गतिविधियों को लेकर मेडिपीडिया ओवरसीज एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके संबंधित प्रतिनिधियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई थी। 'स्टेट नीट-यूजी मेडिकल एंड डेंटल काउंसलिंग बोर्ड' के अध्यक्ष की ओर से 16 अक्टूबर को एसएमएस अस्पताल थाने में दी गई शिकायत में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों पर काउंसलिंग स्थल और शैक्षणिक परिसर में प्रवेश कर विद्यार्थियों को निजी काउंसलिंग सेवाएं देने का प्रयास करने का आरोप है। शिकायत में बताया गया कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपनी सेवाओं का प्रचार करते हुए आधिकारिक सहायता से जुड़ा होने का आभास कराया और संस्थान के साथ अपने संबंधों को लेकर भ्रामक प्रस्तुति की। शिकायत के अनुसार, ऐसी गतिविधियों से आधिकारिक प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों में भ्रम उत्पन्न हो सकता है और उन्हें आर्थिक या अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बोर्ड ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों की भूमिका और परिसर में उनकी गतिविधियों की जांच करने का अनुरोध किया।

विद्यार्थियों से अपील

बोर्ड ने विद्यार्थियों से अपील की है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) काउंसलिंग संबंधित जानकारी के लिए अधिकृत काउंसलिंग बोर्ड और सरकारी संस्थानों के आधिकारिक दिशा-निर्देशों पर ही भरोसा करें। किसी भी निजी एजेंसी की सेवाएं लेने से पहले उसकी अधिकृत स्थिति और दावों की पुष्टि अवश्य करें।

बिना अनुमति रील वायरल करने की मिली शिकायत

एसएमएस थानाधिकारी जितेंद्र कुमार का कहा कि मेडिकल कॉलेज की ओर से बिना अनुमति वीडियो बनाने और उसकी रील वायरल करने की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

पंजाब में नशा-विरोधी एक्टिविस्ट हत्याकांड

अब तक नहीं किया संस्कार परिवार को न्याय का इंतजार



फेसबुक लाइव के दौरान मारी थीं तीन गोलियां

भाषा ▶▶ चंडीगढ़

नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या किए जाने के तीन दिन बाद भी उनका शव मानसा शहर के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखा है, क्योंकि उनके परिवार ने न्याय मिलने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज और शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने शुक्रवार को कार्यकर्ता के परिवार से अलग-अलग मुलाकात की। झोटा की हत्या के बाद कई संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त कार्य समिति ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के इस्तीफे के साथ ही, मानसा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और ड्रग इंस्पेक्टर को बर्खास्त करने की भी मांग की है। उन्होंने मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की भी मांग की है। मादक पदार्थ विरोधी कार्यकर्ता झोटा की मंगलवार को मानसा के भीड़भाड़ वाले बाजार में मेडिकल स्टोर के मालिक ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मेडिकल स्टोर के मालिक अश्वनी कुमार को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया।



केंद्र जवाब मागेगाः शाह

वहीं, विपक्षी नेताओं ने राज्य में "जंगलराज" का आरोप लगाते हुए कहा है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार झोटा की हत्या और पिछले महीने गुलजार सिंह की आत्महत्या के मामले में पंजाब सरकार से जवाब मांगेगी। गुलजार सिंह ने अपने इलाके में नशीले पदार्थों की आपूर्ति को लेकर एक मंत्री से सवाल किया था। झोटा के परिवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने मान के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला बोला।

अनंत सिंह के बयान पर मचा बवाल

नीतीश के साथ नौ आदमी का मर्डर कराए, पलटे, कहा-लालू ने मरवाया

एजेंसी ▶▶ पटना

मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह फिर से चर्चा में हैं। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के साथ 9 आदमी का मर्डर किया। जब मीडिया में खबरें चलीं तो उसके बाद शाम में उन्होंने अपना बयान बदल लिया और आरजेडी प्रमुख लालू यादव को इस मामले में घसीटा। अनंत ने कहा कि उनकी बात को उल्टा समझ लिया गया। उनके कहने का मतलब यह था कि वे जब नीतीश कुमार के साथ हुए तो लालू यादव ने उनके 9 आदमी को मरवा दिया।

अनंत सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के साथ जाने के महज 4 दिन बाद 'लालू जी ने हमारे 9 आदमी मरवा दिए और हमको भी गोली लगी'। उन्होंने दोहराया कि उस समय बिहार में नीतीश कुमार की सरकार नहीं थी, बल्कि लालू यादव की सरकार थी। जेडीयू नेता नीरज कुमार के बयान पर भी अनंत सिंह ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार यह कहते हैं कि उन्होंने पार्टी के लिए काम किया है, तो उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने क्या किया और कौन-सी कुर्बानी दी है।



■ नीरज कुमार के बयान पर भी अनंत सिंह ने सवाल उठाए

आईएएस ने महिला अफसर को दी गाली जांच के आदेश दिए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी कुमार राजीव रंजन द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) की एक महिला अधिकारी के साथ कथित दुर्व्यवहार की शुक्रवार को गहन जांच के आदेश दिए। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, 2004 बैच की आईएएस अधिकारी और आवास एवं शहरी विकास विभाग की आयुक्त-सचिव मंदीप कौर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें आदेश जारी होने की तारीख से 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

जम्मू-कश्मीर का मामला वीडियो वायरल

सत्ता परिवर्तन टिप्पणी से नवीन का तंज

अराजकता फैला कर सत्ता हासिल करना चाहता विपक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के सत्ता परिवर्तन (रिजिम चेंज) के आह्वान पर भाजपा ने जोरदार पलटवार करते हुए विपक्ष पर अराजकता फैलाकर किसी भी तरह सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि अब यह साफ है कि यह कुत्सित प्रयास विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने के अर्बन नक्सल एजेंडे का हिस्सा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि कांग्रेस बार बार संविधान व जनादेश को अपमानित कर रही है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि सत्ता परिवर्तन जैसे शब्दों के प्रयोग से विपक्ष का असली एजेंडा देश के सामने स्पष्ट रूप से उजागर हो गया है। विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने का यह कुत्सित प्रयास अर्बन नक्सल के एजेंडे का ही हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की लड़ाई चुनाव सुधार,एसआईआर या देश के युवाओं के भविष्य के लिए नहीं, बल्कि देश में अराजकता फैलाकर किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने के लिए है।

प्रशांत भूषण के बयान पर सियासत

कांग्रेस चुनाव के रास्ते सत्ता परिवर्तन चाहती हैः खेड़ा

राजनाथ सिंह के आरोपों पर कांग्रेस का पलटवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उन आरोपों पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि विपक्ष बांग्लादेश जैसी घटनाओं से प्रेरित होकर देश में अराजकता फैलाकर सत्ता हासिल करना चाहता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए खेड़ा ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ को सत्ता से जाने का डर सता रहा है। विपक्ष का मकसद चुनाव के जरिए सरकार बदलना है। लोकतंत्र में चुनाव के जरिए सत्ता बदलने की बात को गलत कैसे ठहराया जा सकता है? इसके साथ ही उन्होंने 1977 में हुए सत्ता परिवर्तन का भी जिक्र किया। पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान चला रही है। देश में इस मुद्दे पर आवाज उठ रही है और विपक्ष साफ कह रहा है कि सरकार को चुनाव में हराकर सत्ता से हटाना है।

सीजेआई पर टिप्पणी मामले में संजय राउत ने मांगी माफी

संजय राउत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट उम्मीद की आखिरी किरण है

एजेंसी ▶▶ मुंबई





एसआईआर और वोट चोरी के साथ चुनाव आयोग के फैसलों में मनमानी को लेकर सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। गुरुवार को पहली सुनवाई भी हुई थी। सीजेआई की बेंच ने संजय राउत के बयान पर कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी होने के बाद संजय राउत के तेवर ढीले पड़ गए हैं। अब उन्होंने कहा है कि वह माफी मांगत हैं। संजय राउत ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है। जब न्याय के सभी दरवाजे बंद हो जाते हैं, तब हम सुप्रीम कोर्ट के सामने खड़े होकर न्याय की गुहार लगाते हैं।'इंडिया' गठबंधन की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीजेआई और जजों के खिलाफ की गई टिप्पणी पर स्पष्टीकरण मांगने पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा उम्मीद की आखिरी किरण होता है। इस बार भी हमने एसआईआर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। अगर किसी ने सुप्रीम कोर्ट के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी की है, तो सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई को उस पर संज्ञान लेने का अधिकार है। अगर मेरे बारे में ऐसी कोई धारणा बनी है, तो मुझे इसका खेद है और मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगता हूं। हमें न्याय चाहिए।

रोने पर पिता ने डेढ़ साल के बेटे की गला दबाकर की हत्या



- उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दिल दहला देने वाली वारदात
- दंपती की तीन बेटियां और डेढ़ साल का मासूम बेटा था

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी जिसने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। पठान टोला मोहल्ले में पिता ने डेढ़ साल के मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बच्चा रो रहा था, जिससे गुस्से में आकर आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान 36 वर्षीय इमरान उर्फ इमो के रूप में हुई है। वह पठान टोला मोहल्ले का रहने वाला है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमरान नशे का आदी है और भीख मांगकर परिवार का गुजारा करता है। उसकी पत्नी शमीमा भी मजदूरी कर घर चलाने में सहयोग करती है। दंपती की तीन बेटियां और डेढ़ साल का बेटा अदनान था। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे इमरान नशे की हालत में घर पहुंचा। उस समय उसकी पांच साल की बेटी और डेढ़ साल का बेटा घर में मौजूद थे, जबकि पत्नी अपनी दो बेटियों के साथ बाहर गई हुई थी। घर पहुंचने के बाद इमरान ने पांच साल की बेटी को पीटना शुरू कर दिया।

नवी मुंबई में हाई लेवल मीटिंग में प्रस्ताव को मंजूरी

राजधानी से तेज दौड़ेगी नई वंदे भारत

हावड़ा-नई दिल्ली के बीच 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रेलवे देश के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने जा रहा है। यह ट्रेन झारखंड के धनबाद के रास्ते गुजरेगी। वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। रेलवे बोर्ड की ओर से औपचारिक मुहर लगनी अभी बाकी है। नवी मुंबई में 8 से 10 अक्टूबर के बीच आयोजित रेलवे की एक उच्चस्तरीय बैठक में इस महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देश की सबसे तेज चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस से भी कम समय में यात्रियों को पहुंचाएगी। हावड़ा-नई दिल्ली रूट पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को बेहद तेज रफ्तार से चलाने के लिए ग्रैंड कॉर्ड रूट पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेजी से अपग्रेड किया जा रहा है।

रेलवे लाइन और सिग्नलिंग सिस्टम को आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि ट्रेनें बिना किसी रुकावट के अधिकतम गति सीमा पर दौड़ सकें। नवी मुंबई की बैठक में इस रूट के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है, लेकिन हावड़ा-दिल्ली सेवा के अंतिम शेड्यूल और लांच डेट पर रेलवे बोर्ड की ओर से औपचारिक मुहर लगनी अभी बाकी है।

200 से अधिक वंदे भारत स्लीपर चलाने का प्लान

भारतीय रेलवे का लक्ष्य देश के प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए 200 से अधिक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट तैयार करने का है। इसके निर्माण और डिजाइन की जिम्मेदारी देश-विदेश की शीर्ष कंपनियों व निर्माण इकाइयों को दी गई है।

दिल्ली दंगा मामला कोर्ट ने सात आरोपियों को हत्या के आरोप से बरी किया

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों के दौरान ऑटो ड्राइवर बब्बू की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सात लोगों को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह की अदालत ने कहा कि दिल्ली पुलिस अभियोजन पक्ष के माध्यम से यह साबित करने में विफल रही कि इन सातों ने बब्बू पर जानलेवा हमला किया था। हालांकि, अदालत ने सभी सातों को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने स्पष्ट किया कि हत्या के आरोप को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष की ओर से पेश साक्ष्य पर्याप्त नहीं थे। ऐसे में आरोपितों को हत्या के मामले में दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

खजूरी चौक पर हुआ था हमला

अभियोजन पक्ष के अनुसार, फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दंगों के दौरान खजूरी चौक पर हिंसा हुई थी। इसी दौरान ऑटो चालक बब्बू पर हमला किया गया था। हमले में गंभीर चोटें लगने के बाद 27 फरवरी 2020 को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने हिंसा में शामिल भीड़ के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

चिंतन

एसएसआर से निपट सकते हैं सभी विवाद

लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष चुनाव के साथ ऐसी मतदाता सूची तैयार करना भी है, जिसमें हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो और किसी अपात्र व्यक्ति को जगह न मिले। एसआईआर चुनाव प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। ऐसे में चुनाव आयोग का मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश अहम माना जा रहा है। एसआईआर पर विवादों के बीच मतदाता सूची को दुरुस्त करने, सभी विवादों को निपटाने और पात्र नागरिकों को उसमें शामिल करने का अवसर देगी। एसएसआर के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दर्ज विवरण में गलतियां सुधारने और सूची को अद्यतन करने की व्यवस्था है। वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी अग्रिम आवेदन का अवसर मिलेगा। नाम हटाने की प्रक्रिया पर निगरानी, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और दावों-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने जैसे निर्देश जवाबदेही बढ़ा सकते हैं। किसी मतदान केंद्र पर दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी की जांच का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे नाम हटाने की कार्रवाई में मनमानी की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। कुल मिलाकर यह सभी विवादों को निपटाने में अहम भूमिका निभा सकती है। एसआईआर को लेकर विवाद की प्रमुख वजह यह आशंका रही है कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाएं। बिहार से शुरू हुए विवाद में विपक्ष ने दस्तावेजों की शर्तों, समय-सीमा और बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची विश्वसनीय हो और उसमें किसी तरह की गड़बड़ी न रहे। एसएसआर से विवादों का समाधान निकल सकता है, लेकिन केवल आदेश जारी करने से ऐसा नहीं होगा। जिन लोगों के नाम एसआईआर के दौरान सूची में शामिल नहीं हो पाए, उनके लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ बनाना जरूरी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसे लोग फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने का आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को जरूरी दस्तावेजों और पात्रता संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी बस्तियों, प्रवासी श्रमिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं तक सूचना पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाना भी आवश्यक है। जिनके नाम हटाए गए हैं, उन्हें कारण जानने और अपनी पात्रता साबित करने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। मतदान केंद्रों की समीक्षा, एक केंद्र पर सामान्यतः 1,200 से अधिक मतदाता न रखने और मतदाताओं को दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने से बचाने के निर्देश भी स्वागतयोग्य हैं। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर रहे। राजनीतिक दलों को नियमित जानकारी देना, दावों और आपत्तियों का निष्पक्ष निपटारा करना तथा निर्णयों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना पारदर्शिता बढ़ाएगा। देश में मतदाता सूची की शुद्धता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी है। एसएसआर को एसआईआर से उपजे विवादों के समाधान का माध्यम बनाने के लिए आयोग को नियमों के निष्पक्ष पालन के साथ संवेदनशीलता दिखानी होगी, ताकि सभी पात्रों को उनका हक मिल सके और कोई विवाद न रहे।



मुद्दा
गीता शुक्ला

कांग्रेस अपनी हार पर आत्ममंथन करे

ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। लेकिन जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

राहुल गांधी के आरोपों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक निशाने पर हैं। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण भी होने चाहिए। राजनीतिक बयानबाजी से किसी आरोप की सत्यता साबित नहीं होती। भाजपा की ओर से कांग्रेस को जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने उसके चुनावी इतिहास का हवाला दिया। उनका सवाल था कि यदि चुनाव आयोग और एसआईआर ही कांग्रेस की पराजय के कारण हैं, तो उन राज्यों में पार्टी की कमजोरी का क्या कारण है, जहां वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है? अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग सवाल उठाए। जयराम रमेश ने पूछा कि कितने घुसपैठियों की पहचान हुई और कितनों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए या उन्हें देश से बाहर निकाला गया। पवन खेड़ा ने जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल की तैनाती पर सवाल खड़ा किया। के.सी. वेणुगोपाल ने शाह के बयान को अगले चुनाव के परिणाम की अग्रिम घोषणा बताते हुए भाजपा पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। इन प्रतिक्रियाओं के बीच कांग्रेस की चुनावी गिरावट पर बहस पीछे छूट गई। एसआईआर और घुसपैठियों से जुड़े सवाल महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस को अपनी राजनीतिक कमजोरियों पर भी विचार करना चाहिए। अमित शाह का मुख्य तर्क यही था कि पार्टी अपनी हार के कारणों की समीक्षा करे। कांग्रेस को लोकसभा में अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिले चार दशक से अधिक समय बीत चुका है। वर्ष 1984 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पैदा हुई असाधारण परिस्थितियों में पार्टी ने 543 निर्वाचित सीटों में से 404 सीटें जीती थीं। उसके बाद कांग्रेस कभी अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी 1989 और 1991 के चुनावों में भी बहुमत से दूर रही।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2004 और 2009 में वापसी की। 2004 में उसने 145 और 2009 में 206 सीटें जीतीं। सहयोगियों के साथ केंद्र में सरकार भी बनाई। लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रदर्शन तेजी से गिरा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केवल 44 सीटों पर सिमट गई। 2019 में उसे 52 सीटें मिलीं, जबकि 2024 में उसकी सीटें बढ़कर 99 हो गईं। यह सुधार जरूर था, लेकिन पार्टी बहुमत से बहुत दूर रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कांग्रेस की चुनावी चुनौतियां एसआईआर से बहुत पुरानी हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को उसकी दशकों की राजनीतिक गिरावट का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता। कभी देश के बड़े हिस्से में सरकार बनाने वाली कांग्रेस आज कई राज्यों में कमजोर स्थिति में है। तमिलनाडु में कांग्रेस का अपना मुख्यमंत्री बने छह दशक हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में भी वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है। उत्तर प्रदेश में पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं पहुंच सकी है। गुजरात और ओडिशा जैसे राज्यों में भी उसे लंबे समय से सत्ता से बाहर रहना पड़ा है। इन राज्यों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं।

कहीं क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ा है, तो कहीं भाजपा ने अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत की है। कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कि वह इन बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप अपना संगठन और नेतृत्व तैयार करे। केवल पुराने राजनीतिक गौरव के सहारे जनता का भरोसा वापस नहीं पाया जा सकता। राजनीति केवल प्रदर्शन से नहीं चलती। राजनीतिक विश्लेषक बिक्रम उपाध्याय मानते हैं कि अमित शाह ने कांग्रेस को यह सही नसीहत दी कि दिल्ली में कुछ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से चुनाव नहीं जीते जा सकते। राजनीतिक दलों को गांवों, कस्बों और दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचना पड़ता है। जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए काम करना जरूरी है। यह बात कांग्रेस ही नहीं, हर राजनीतिक दल पर लागू होती है। विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाना भी विपक्ष का अधिकार है। लेकिन विरोध के साथ संगठन मजबूत करना और जनता के बीच लगातार काम करना भी जरूरी है। कांग्रेस की चुनौती यह है कि वह अपनी चुनावी पराजयों की जिम्मेदारी तय करे। क्या पार्टी का संगठन कमजोर हुआ है? क्या उसका नेतृत्व लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है? क्या उसकी नीतियां नए मतदाताओं को आकर्षित कर पा रही हैं? इन सवालों पर गंभीर चर्चा के बिना राजनीतिक वापसी कठिन होगी। भाजपा हाल के स्थानीय निकाय और ग्राम समिति चुनावों में अपने प्रदर्शन को जनता के समर्थन के रूप में पेश कर रही है। कांग्रेस को भी इन नतीजों और अपने प्रदर्शन का तथ्यों के आधार पर विश्लेषण करना चाहिए। हर चुनाव के परिणाम को उसके स्थानीय और राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व के सामने दो चुनौतियां हैं। पहली, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को प्रमाणों के साथ सामने रखना। दूसरी, अपनी चुनावी कमजोरियों को स्वीकार कर संगठन में सुधार करना। ये दोनों काम एक साथ किए जा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी भी दल को जीत का स्थायी अधिकार नहीं मिलता। जनता का विश्वास कामकाज, नेतृत्व और नीतियों से अर्जित करना पड़ता है। कांग्रेस यदि अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाना चाहती है, तो उसे आरोपों से आगे बढ़कर आत्ममंथन करना होगा। चुनाव आयोग पर सवाल उठाना एक राजनीतिक विकल्प हो सकता है, लेकिन अपनी कमजोरियों को दूर करना उसकी जरूरत है।



(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. घनश्याम बादल



देवी की पूजा और स्त्री की दुर्दशा !

नवरात्र चल रहे हैं। मंदिरों में घंटाध्वनि हैं, घरों में दुर्गा सप्तशती पाठ हो रहे हैं, कन्याओं के पांव पखारे जा रहे हैं और मंचों से नारी शक्ति के जयकारे लग रहे हैं। देवी के नौ रूपों की महिमा का बखान तो ठीक है, लेकिन देश में स्त्री की अस्मिता, सुरक्षा और सम्मान के सवाल पर समाज की धीमी आवाज बड़े सवाल खड़े करती है। एक तरफ देवी के सामने सिर झुकाने की होड़ है, दूसरी तरफ जीवित स्त्री को झुकाने, दबाने और चुप कराने का सिलसिला जारी है। सवाल है कि हम शक्ति की आराधना कर रहे हैं या अपने पाखंड को धार्मिक आवरण पहना रहे हैं? विडंबना देखिए कि जिस समय नवरात्र में कन्या पूजन के लिए छोटी बच्चियों को खोजा जाता है, उसी समाज में बच्चियों के यौन शोषण की खबरें हमें बार-बार शर्मसार करती हैं। जिस कन्या को देवी का रूप कहकर भोजन कराया जाता है, उसके लिए घर, स्कूल, सड़क और सार्वजनिक स्थान कितने सुरक्षित हैं? पूजा के दिन उसके पांव धोने वाले हाथ क्या शेष दिनों में उसकी स्वतंत्रता और इच्छा का सम्मान करते हैं? यदि बच्ची को अपनी ही दुनिया में भय के साथ जीना पड़े, तो कन्या पूजन की पवित्रता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। स्त्री के प्रति अपराधों की चर्चा करते समय आंकड़ों की शुद्धता भी जरूरी है। किसी अपराध के बढ़ने या घटने का दावा प्रमाणित आंकड़ों से होना चाहिए। लेकिन आंकड़ों की बहस से वह सच्चाई नहीं मिटती कि यौन हिंसा, घरेलू उत्पीड़न, पीछा करना, सार्वजनिक अपमान और महिलाओं की आवाज दबाने की घटनाएं समाज के सामने गंभीर चुनौती बनी हुई हैं। दर्ज मामलों की संख्या पूरी तस्वीर नहीं बताती; बदनामी, परिवार का दबाव, आर्थिक निर्भरता और पुलिस-न्याय व्यवस्था की लंबी प्रक्रिया अनेक महिलाओं को शिकायत करने से भी रोकती है। यह समस्या केवल घरों तक सीमित नहीं है। जन आंदोलनों में महिला पत्रकारों और आंदोलनकारी महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार, धक्का-मुक्की, मारपीट या दमन की तस्वीरें सामने आती हैं, तो लोकतंत्र का दावा भी कठघरे में खड़ा होता है। किसी आंदोलन से असहमति हो सकती है, उसकी मांगें अनुचित भी हो सकती हैं, लेकिन क्या इससे महिला पत्रकार के काम करने के अधिकार या प्रदर्शनकारी महिला की गरिमा को कुचलने का लाइसेंस मिल जाता है? कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, अपमानित करना नहीं। वर्दी की ताकत का अर्थ नागरिक की आवाज दबाना नहीं, उसके अधिकारों की रक्षा करना है। महिला की स्वतंत्रता का सवाल सत्ता और विपक्ष, दोनों की परीक्षा लेता है। विपक्ष में रहते हुए महिलाओं के सम्मान की दुहाई देना आसान है; सत्ता में आने पर उसी कसौटी पर खरा उतरना कठिन। किसी एक दल, विचारधारा या समुदाय को स्त्री के प्रति समूचे अन्याय का ठेकेदार बताकर बाकी समाज को निर्दोष नहीं ठहराया जा सकता। स्त्री के प्रति भेदभाव की जड़ें परिवार, परंपरा, राजनीति, बाजार और संस्थाओं तक फैली हैं। कहीं उसे परिवार की इज्जत के नाम पर बांधा जाता है, कहीं संस्कृति की रक्षा के नाम पर उसकी पसंद पर पहरा बैठाया जाता है और कहीं उसकी पीड़ा को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौला जाता है। इसी पृष्ठभूमि में मेरठ का चर्चित नीले ड्रम वाला हत्याकांड भयावह सवालों के साथ सामने आता है। इस मामले में दो अभियुक्तों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर ने अपराध की क्रूरता और न्याय की जरूरत पर ध्यान खींचा है।

नवरात्र का मूल संदेश शक्ति की उपासना है। दुर्गा का रूप अन्याय के सामने प्रतिरोध का प्रतीक है, महिषासुर-वध अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का रूपक है और स्त्री के भीतर शक्ति देखने की परंपरा उसे कमजोर मानने की मानसिकता को चुनौती देती है। फिर भी विडंबना यह है कि देवी को सर्वशक्तिमान मानने वाला समाज अपनी बेटी को अक्सर निर्णय लेने में अक्षम समझता है। दुर्गा की तलवार की आराधना होती है, लेकिन स्त्री के आत्मसम्मान की आवाज उठे तो उसे परिवार तोड़ने वाली, संस्कारहीन या विद्रोही कह दिया जाता है। देवी को शक्ति का अधिकार है, स्त्री को क्यों नहीं? धर्म का मूल्य कर्म से तय होता है, कर्मकांड की भव्यता से नहीं। यदि नवरात्र के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करें, लेकिन वर्ष के बाकी दिनों में स्त्री की इच्छा, सहमति, शिक्षा, संपत्ति, रोजगार और स्वतंत्र निर्णय के अधिकारों की उपेक्षा करें, तो हमारी भक्ति अधूरी ही नहीं, आत्मवंचना भी है। कन्या पूजन का सबसे बड़ा अर्थ किसी बच्ची के पांव धोना नहीं, यह सुनिश्चित करना है कि उसके सपनों पर पहरा न हो, उसके शरीर पर उसकी सहमति के बिना कोई अधिकार न जमाए और अन्याय होने पर उसे चुप रहने के लिए मजबूर न किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

लक्ष्मी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्रात्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

कहां खो गए मिट्टी के दीये

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास, आंगन के मांडणों, रिश्तों के अपनत्व और लोक परंपराओं की जीवंतता का पर्व हुआ करती थी। आज बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयों के आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखों का शोर है और इंटरनेट पर शुभकामनाओं की भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है? आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं हम दिवाली की आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्या की रात को रोशन करने का पर्व नहीं है। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और दूरी पर अपनत्व की विजय का प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरों के साथ रिश्तों की भी सफाई होती थी, मन के मैल दूर किए जाते थे और रूठों को मनाया जाता था। - सरिता, महेंद्रगढ़

ट्रेंड

सबका साथ-सबका विकास



'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप, भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा, विकास, कल्याण, रोजगार, महिला सुरक्षा और दंगाइयों से निपटने के मामलों में समान लगन के साथ काम किया है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, नई दिल्ली

गुमराह कर रहे कांग्रेसी



कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की अपनी लालसा के चलते देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठे आरोपों, भ्रामक बयानों और बेबुनियाद मुद्दों के जरिए जनता को गुमराह करना ही उनकी राजनीति का आधार बन गया है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

नरेंद्र मोदी का भाषण



देश के हर नागरिक को 6 जून 2011 को दिया गया नरेंद्र मोदी का भाषण सुनना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनके हाथ बंधे न होते, तो वे केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देते। यह अराजकता की पराकाष्ठा थी।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

राष्ट्रव्यापी अभियान



आज मुझे 'भारत यात्रा' के समापन की याद आ रही है, जो बच्चों के यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान था। 2017 में हुई इस यात्रा के दौरान 22 राज्यों में 11,000 किलोमीटर की दूरी तय की गई।
- **कैलाश सत्यार्थी,** नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

अंग प्रत्यारोपण की दवाओं के लिए भारत, जर्मनी आए साथ



भारत की कंपनी 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' और जर्मनी की कंपनी 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' अंग प्रतिरोपण में इस्तेमाल होने वाली दवा सहित 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों के निर्माण एवं व्यावसायिक बिक्री के लिए मिलकर काम करेंगी और इसके तहत संबंधित प्रौद्योगिकी भी भारत को हस्तांतरित की जाएगी। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। 'इम्युनोग्लोबुलिन' एक प्रकार का प्रोटीन है, जिसे प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) भी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली का हिस्सा है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दूतावास ने बताया कि उसने 13 अक्टूबर को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' और 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' के बीच समझौते में मदद की। इस सहयोग के तहत 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इनमें 'एंटी-थाइमोसाइट ग्लोबुलिन' भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल मनुष्यों में अंग प्रतिरोपण और रक्त संबंधी कुछ विकारों के इलाज में किया जाता है। भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने 13 अक्टूबर, 2026 को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान जर्मनी की नियोवी बायोटेक जीएमबीएच और भारत की विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच गोपनीयता समझौते के आदान-प्रदान में मदद की।'

ऑफ बीट

स्काईरूट की मदद से अमेरिकी कंपनी रात में 'धूप' बेचेगी



जरा सोचिए, क्या रात के घने अंधेरे में भी धरती के किसी खास हिस्से को सूरज की रोशनी से जगमगाया जा सकता है? एक अमेरिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इस कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है और वह भी भारतीय कंपनी की मदद से। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्ट-अप 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने अंतरिक्ष में विशाल दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर मांग के अनुरूप 'धूप' बेचने की अनोखी योजना बनाई है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए कंपनी ने भारत की निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' की प्रक्षेपण सेवाएं लेने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' कंपनी उपग्रहों का एक ऐसा समूह तैयार कर रही है, जो रात के समय आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तत्काल रोशनी मुहैया करा सकेगा। इससे सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन की अवधि भी बढ़ाई जा सकेगी। कंपनी ने अपने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए हैदराबाद स्थित 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के साथ अनुबंध किया है। इन उपग्रहों को स्काईरूट के 'विक्रम' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका में तय हमारे अन्य प्रक्षेपण अभियानों के साथ-साथ इन दो प्रक्षेपण से हमें एक निश्चित समयसीमा और अतिरिक्त क्षमता मिलेगी।''

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अंतिम टी-20 : भारत-कैरेबियाई टीम में कांटे की टक्कर आज

पांच मैचों की सीरीज अभी 2-2 से बराबरी पर | सीरीज जीतने बल्लेबाजों को दिखाना होगा दमखम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच

चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह मानी जाती है। इस मैदान पर हालांकि अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गई है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गए। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर टीम में ला सकता है।



आकाश, अंशुल की न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में वापसी

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड दौरे पर होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज आकाश दीप और अंशुल कंबोज की भारतीय टीम में वापसी हुई है तो वहीं नियमित कप्तान शुभमन गिल के टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर ध्यान देने के कारण श्रेयस अय्यर आखिरी दो वनडे में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आकाश दीप हाल ही में पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबरकर मैदान पर लौटे हैं। उन्होंने पिछली बार 2025 में इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेला था, जहां उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था। कंबोज को इंग्लैंड में टेस्ट पदार्पण के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। दोनों तेज गेंदबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले तीन बहुदिवसीय मुकाबलों में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ खेलने वाली भारत ए टीम का भी हिस्सा हैं। भारतीय टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वे न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले गुरनूर बराड़ को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। बाएं पसली की चोट से उबर रहे ऋषभ पंत को फिटनेस मंजूरी मिलने की शर्त पर टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड दौरे पर केवल टेस्ट श्रृंखला में खेलेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच वनडे मैचों की श्रृंखला चार नवंबर से शुरू होगी, जबकि टेस्ट श्रृंखला का आगाज 19 नवंबर से होगा। शुभमन गिल पहले तीन वनडे में टीम की कप्तानी करेंगे। इसके बाद वह टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे। केएल राहुल भी तीसरे वनडे के बाद लाल गेंद के प्रारूप की तैयारी को प्राथमिकता देंगे। श्रेयस अय्यर चौथे और पांचवें वनडे में टीम की अगुआई करेंगे। तिलक वर्मा की भी वनडे टीम में वापसी हुई है। उन्होंने पिछली बार दिसंबर 2025 में 50 ओवर के प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को अंतिम दो वनडे के लिए पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। अनुभवी हरफनमौजा रविंद्र जडेजा को वनडे टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी।

कुलदीप की टीम में वापसी

तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिए कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं। लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा।

शानदार फार्म में होप और रदरफोर्ड


वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड 261 और 221 रन बना चुके हैं और श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी20 के दौरान किया था।
मैच का समय : शाम 7:00 बजे

वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर

स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶| वुहान

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।



चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन


इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एंहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।

स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर : सोने कर्तल

सोने कर्तल ने कहा, पहला सेट आसानी से जीतने के बावजूद, मुझे पता था कि स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर हैं। इसलिए मुझे पता था कि जब तक आखिरी प्वाइंट नहीं खेला जाता, तब तक मैं सुरक्षित नहीं हूं। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इस मैच में कितना दृढ़ संकल्प दिखाया। मुझे लगता है कि पूरे मैच के दौरान मैंने बहुत संयम बनाए रखा। इस हफ्ते मैं एक नया मुकाम हासिल कर रही हूं। मैं पहले कभी डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची थी।

जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।



खबर संक्षेप



फेनेस्टा ओपनः खुशी ने जीता अंडर-16 डबल्स का टाइटल

नई दिल्ली। फेनेस्टा ओपन में हरियाणा की खुशी कादियान ने तमिलनाडु की सनमिता हरिणी के साथ मिलकर गर्ल्स अंडर-16 डबल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही, डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में जारी 31वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में उनकी 'खिताबी हैट्रिक' (तीन खिताब जीतने) की उम्मीदें बरकरार हैं। 13 वर्षीय खुशी ने अंडर-16 और अंडर-14 कैटेगरी में सिंगल्स के फाइनल में भी जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में, तीसरी वरीयता प्राप्त कादियान और हरिणी की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम को 6-3, 6-3 से मात दी। कादियान के लिए यह दिन काफी लंबा रहा, क्योंकि यह उनका दिन का तीसरा मैच था।

एशियाई पैरा बैडमिंटनः सुहास ने जीता मुकाबला



नागोया। सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरुषों के एकल एसएल4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतू धर को सीधे गेम में हराया। पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को से मात दी। कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच6 वर्ग में सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को हराया।

शंघाई मास्टर्स : रूड को हराकर एटीपी मास्टर्स के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बने जोडार

एजेंसी ▶▶| शंघाई

19 वर्षीय राफेल जोडार ने कैस्पर रूड को 2 घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-3 से मात देकर एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की। इसके साथ जोडार टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बन गए। इस जीत से, एटीपी टूर पर अपने पहले पूरे सीजन में खेल रहे जोडार ने एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी मजबूत कर लिया है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ते हुए नौवां स्थान हासिल कर लिया है।



जोडार ने बनाया मैच पर दबदबा

रूड ने 10वें गेम में सर्विस ब्रेक करके पहला सेट अपने नाम किया, और फिर दूसरे सेट में भी ब्रेक हासिल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद जोडार ने धीरे-धीरे मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया। 5-4 से सर्विस ब्रेक करने और फिर दूसरे सेट को बिना कोई अंक गंवाए (लव पर) जीतने के बाद, जोडार ने निर्णायक सेट में रूड की सर्विस को तीन बार तोड़ा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 24 खिलाड़ी के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की।

भुवनेश्वर को 4 साल बाद टी-20 टीम में मौका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 मैच की यह श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।



2022 को नेपियर में खेले थे आखिरी अंतरराष्ट्रीय टी-20

भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का मंच तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश के इस तेज गेंदबाज का वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले निर्णायक मुकाबले में खेलना लगभग तय माना जा रहा है। भुवनेश्वर ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 22 नवंबर 2022 को नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। यह संयोग ही है कि भुवनेश्वर की वापसी उसी मैदान पर होगी, जहां उन्होंने 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

टी-20 : दीप्ति ने शानदार 49 रन बनाए

भारत ने जिम्बाब्वे को चार विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| रायपुर

भारत ने अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (49 रन) और पदार्पण करने वाली बल्लेबाज निकी प्रसाद (नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से शुरूआती झटकों से उबरते हुए शुक्रवार को यहां पहले महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार विकेट से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारत और जिम्बाब्वे पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में खेल रहे हैं। इस मुकाबले के साथ स्मृति मंधाना के कप्तानी कार्यकाल की भी शुरुआत हुई। भारतीय टीम के लिए 115 रन का लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन 19 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद टीम संघर्ष करती दिख रही थी। लेकिन अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति (37 गेंद, आठ चौके) और मध्यक्रम बल्लेबाज निकी (35 गेंद, छह चौके) ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 63 गेंद में 82 रन की भागीदारी कर भारत को जीत तक पहुंचाया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मिताली राज और अनुजा पाटिल के बीच इस विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस दौरान दीप्ति आउट हो गईं, पर भारत ने 4.2 ओवर रहते छह विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की।

अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप : अमृता फाइनल में, कोमल ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

अमृता पुजारी ने अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 72 किलो फाइनल में प्रवेश कर लिया। अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को 10-8 से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापुर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। कोमल ने महिलाओं के 59 किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना फिलिपोविच से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गई थी। उन्होंने कनाडा की एला फाइंडिंग को हराया था।



तनिष्का शर्मा और परी तंवर का शानदार प्रदर्शन

वुमेंस अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी: हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को 50 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वुमेंस अंडर-19 टी20 ट्रॉफी एलिट ग्रुप मुकाबले में हरियाणा की महिला टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर को 50 रन के बड़े अंतर से मात दी। मुकाबला हैदराबाद में आयोजित किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 180 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान तनिष्का शर्मा ने शानदार कप्तानी पारी खेलते हुए 53 गेंदों में 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 71 रन बनाए। उनके साथ परी तंवर ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 34 गेंदों पर 54 रन (8 चौके, 1 छक्का) ठोके। दोनों की बेहतरीन पारियों के बदौलत हरियाणा ने मजबूत स्थिति हासिल की। जम्मू-कश्मीर की ओर से अलेजा ने 22 रन देकर 2 विकेट लिए। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत बेहद खराब रही और 10 रन के स्कोर तक उसके दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। कायनात बख्शी (45 रन, 43 गेंद) और श्वेता राणा (46 रन, 30 गेंद) ने जुझारू पारियां खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा की सटीक गेंदबाजी के सामने रन गति बरकरार नहीं रख सकीं। जम्मू-कश्मीर की टीम 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी।

13 से 21 वर्ष की आयु के 160 क्रिकेटर लेंगे हिस्सा

पहली बार : एक ही टीम में खेलेंगे लड़के और लड़कियां

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

क्रिकेट में पहली बार 80 ओवर के प्रारुप पर आधारित महिला-पुरुष मिश्रित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) में 14 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। 'टेस्ट ट्वेंटी' नाम के इस टूर्नामेंट में 13 से 21 वर्ष की आयु के 160 युवा क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन दुनिया भर से कर 4 महाद्वीपीय टीमों में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रत्येक टीम में लड़कियां और लड़के एक साथ खेलेंगे और दोनों के बनाए रन मिलाकर टीम का कुल स्कोर तय होगा।

14 से 29 नवंबर तक कोलंबो में होगा टूर्नामेंट



मैच में होंगे 40-40 खिलाड़ी

चारों महाद्वीपीय टीमों में 40-40 खिलाड़ी होंगे। प्रत्येक टीम में 20 लड़कियां और 20 लड़के शामिल रहेंगे। हर मुकाबला एक ही दिन में खेला जाएगा और इसमें लाल तथा सफेद, दोनों गेंदों का इस्तेमाल होगा। प्रत्येक टीम को दो बार बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगा। मुकाबले के शुरुआती 40 ओवर दिन के समय सफेद पोशाक में लाल गेंद से खेले जाएंगे। इसके बाद अंतिम 40 ओवर रंगीन पोशाक में सफेद गेंद से एसएससी की दुधिया रोशनी में खेले जाएंगे।

मैच में होगा 'पैरिटी रूल'

आयोजकों के मुताबिक, पहले चरण में बनाए गए रन दूसरे चरण में भी जुड़ते रहेंगे। इस प्रारुप की सबसे खास बात इसका 'पैरिटी रूल' यानी समानता का नियम है, जिसके तहत लड़कियों और लड़कों के प्रदर्शन एक दूसरे के जीत या हार तय करेंगे। 'टेस्ट ट्वेंटी' के संस्थापक और 'पैरिटी रूल' के लेखक गौरव बहिरवानी ने कहा कि समानता का सिद्धांत सिर्फ खेल के नियमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रसारण में भी लड़कियों और लड़कों को बराबर समय दिया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत दौरा आज से

रिलायंस इंडस्ट्री के जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर है अब अमेरिका की नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री मार्को का मुंबई और जामनगर जाने का है कार्यक्रम

भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग, व्यापार पर रहेगा जोर

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत दौरे पर गुजरात के जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिफाइनरी का दौरा करेंगे। यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट ऑयल रिफाइनरी है। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के इस विशाल रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स पर अब अमेरिका की नजर है। रूबियो का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग, कारोबार और ट्रेड डील को लेकर बातचीत अहम बनी हुई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 12 को घोषणा की थी कि रुबियो 17 से 22 अक्टूबर के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद और वहां से भारत में मुंबई और जामनगर की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के मुताबिक रूबियों अपने भारत दौरे के दौरान रिलायंस के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।



डीजल की बढ़ती कीमतें बनी अमेरिका के लिए चिंता का विषय

मार्को रुबियो के भारत दौरे पर राहुल गांधी ने कसा तंज

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत यात्रा व उनके मुंबई और गुजरात के जामनगर का दौरा करने को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिस्टर रुबियो ने अपने कर्मचारी को मुंबई बुलाया है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'मोदी जी, विदेश मंत्रालय में आपके अधिकारी इस बात को लेकर उलझन में हैं कि आखिर चल क्या रहा है। शायद आप ही उन्हें समझा दें। या फिर, अगर आप चाहें तो मैं भी समझा सकता हूं।'

भारत-अमेरिका के ऊर्जा रिश्तों के लिहाज से अहम

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि डीजल बाजार में आ रही रुकावटों के कारण अगले साल भी कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं। डीजल की कीमतों को कम करने के लिए - जिसका असर अमेरिकी ट्रक ड्राइवरों, किसानों और माल भेजने वालों पर पड़ता है - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में रूस पर लगे प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए रोक दिया, ताकि वैश्विक बाजार में मॉस्को से सप्लाई आ सके।

मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर, यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्टूबर को मुंबई में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। जयशंकर इस दौरान अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में यूएई के विदेश मंत्री भी आएंगे।

बांग्लादेश : यूनिवर्सिटी में मंदिर के पास गोमांस पकाने पर विवाद

ढाका (एजेंसी)। जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के इस्लामिक हिस्ट्री एंड कल्चर विभाग के 17वें बैच के छात्रों ने 12 अक्टूबर को कैंपस में गोमांस की खिचड़ी बनाने का कार्यक्रम रखा। मंदिर समिति के सदस्य सचिव जॉय साहा ने बताया कि गोमांस की खिचड़ी बनते देख कुछ हिंदू छात्रों ने विरोध किया। मामला बढ़ने पर यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद आयोजकों ने मंदिर से कुछ दूरी पर खाना बनाया। आयोजकों ने कहा उनका किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। उन्होंने चूल्हा बनाने में इस्तेमाल हुईं मंदिर के पास रखी ईंटें वापस रख दीं और खाना बनाने के लिए कैंटीन से लोहे का चूल्हा मंगाया। साहा के मुताबिक, मंदिर समिति को ईंटों से ज्यादा आपत्ति मंदिर के इतने करीब खाना बनाने पर थी।



भारत और जापान स्वच्छ ऊर्जा मिनरल्स में बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां विश्व बैंक-आईएमएफ की वार्षिक बैठकों के इतर जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के गवर्नर काजुहिको अमाकावा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) के क्षेत्र में सहयोग को और विस्तार देने पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बैठक के दौरान स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा परिवर्तन, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में 60 करोड़ डॉलर के भारत-जापान फंड और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) में जापानी भागीदारी का भी उल्लेख किया गया।

सीतारमण ने की काजुहिको से मुलाकात

30 हजार भारतीय मजदूरों ने अमेरिका में काम छोड़ा

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। अमेरिका में करीब 30 हजार भारतीय मजदूरों को खेती का काम छोड़ना पड़ा है। इनमें से कई के पास अमेरिका में रहने और काम करने के पूरे कागजात नहीं हैं। ऐसे में इमिग्रेशन एजेंसी के छापों और पकड़े जाने के डर से मजदूर काम करने से बच रहे हैं। इससे फल और सब्जियों के दाम 30% से 32% तक बढ़ सकते हैं। कैलिफोर्निया में डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार है। ट्रम्प ने राज्य सरकार पर अवैध प्रवासियों को बचाने का आरोप लगाया है।

भारत और मंगोलिया में रक्षा सहयोग की प्रतिबद्धता

उलानबटार (एजेंसी)। भारत व मंगोलिया ने अपने लंबे समय से चले आ रहे रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच 14वीं संयुक्त कार्य समूह की बैठक राजधानी उलानबटार में हुई। बैठक में मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in